श्रावण शुक्ल - 6 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 12 ▪ अंक - 19 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » शनिवार » 10-08-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की स्थिति पर विपक्ष की चुप्पी 'दुर्भाग्यपूर्ण': ठाकुर

6 भारत में आर्थिक प्रगति हेतु सनातन संस्कृति जरूरी

7 दुनिया को कहती हूं राजस्थान जरूर घूमें : चित्रांगदा सिंह



## फर्स्ट टेक

### यूक्रेन ने रूस के 27 ड्रोनों को मार गिराया

**कीव/एजेन्सी।** यूक्रेनी सेना ने रूस की ओर से छोड़े गये सभी 27 लड़ाकू ड्रोनों को मार गिराया। यूक्रेनी वायु सेना ने शुक्रवार को जानकारी दी। एक सोशल मीडिया बयान के मुताबिक रूस के शहीद-136 और शहीद-131 ड्रोनों को उत्तरी, मध्य, दक्षिणी और पूर्वी यूक्रेन के सात क्षेत्रों में हवा में ही रोका गया और सभी ड्रोन को मार गिराया। कीव क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन ने कहा कि वायु रक्षा प्रणाली क्षेत्र में सहजगता के साथ काम कर रहा है। क्षेत्र में रूसी हमलों से कोई हताहत नहीं हुआ और न ही क्षति पहुंची है। क्षेत्रीय गवर्नर सर्गेई लिसाक ने कहा कि मध्य निप्रॉपेट्रोस्क क्षेत्र में दो ड्रोन नष्ट कर दिए गए और बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा।

### सरकार ने 24,657 करोड़ की आठ रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी

**नई दिल्ली/भाषा।** मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने शुक्रवार को आठ नई रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दे दी। सरकार ने इन परियोजनाओं के संबंध में कहा है कि इससे संपर्क बढ़ेगा, यात्रा आसान होगी, तेल आयात में कमी आएगी और कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल निर्णय के बारे में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए कहा कि प्रस्तावित परियोजनाएं संपर्क से वंचित क्षेत्रों को जोड़कर लॉजिस्टिक दक्षता में सुधार लाएंगी और परिवहन नेटवर्क को बेहतर बनाएंगी। इससे आपूर्ति श्रृंखला सुव्यवस्थित होगी और आर्थिक वृद्धि में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत 24,657 करोड़ रुपए है।

### श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के 35 मछुआरों को गिरफ्तार किया, चार नौकाएं जब्त

**रामनाथपुरम (तमिलनाडु)/भाषा।** तमिलनाडु के रामनाथपुरम जिले के पंबन के लगभग 35 मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने कथित तौर पर अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार किया है। मत्स्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि पंबन के मछुआरों द्वारा मछली पकड़ने के लिए इस्तेमाल की गई चार देशी नौकाओं को बृहस्पतिवार को जब्त कर लिया गया। उन्होंने बताया कि इन्हें कथित तौर पर अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) का उल्लंघन करने के आरोप में जब्त किया गया है। मछुआरों को श्रीलंका के उत्तर-पश्चिमी समुद्र में मन्नार के दक्षिण में श्रीलंकाई नौसेना द्वारा पकड़ा गया।

| 10-08-2024 | 11-08-2024 |
| --- | --- |
| सूर्यास्त 6:43 बजे | सूर्योदय 6:07 बजे |

| BSE | NSE |
| --- | --- |
| 79,705.91 | 24,367.50 |
| (+819.69) | (+250.50) |

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 7,217 रु. | 82,509 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

#### हत्यारे पड़ौसी

धर्म के अंधों तजो क्रूरता,
कृत्यों को तुम नर्म करो।
हो मनुष्य तो मानवता के,
हित में अपने कर्म करो।
सच्चा है गर धर्म तुम्हारा,
तो सचमुच में धर्म करो।
बने दरिंदे अबलाओं पर,
हत्यारों को कुछ शर्म करो।।

---

छात्रों को उच्च शिक्षा हासिल करने में मदद के लिए

## तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने 1,000 रुपए प्रति माह सहायता की योजना शुरू की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोयंबटूर/भाषा।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने शुक्रवार को सरकारी और राज्य सहायता प्राप्त स्कूलों के लड़कों को उच्च शिक्षा हासिल करने में मदद के लिए 1,000 रुपए प्रति माह सहायता की 'तामीज पुधलवन' (तमिल बेटा) योजना शुरू की।

गवर्नमेंट आर्ट्स कॉलेज में यहां सरकारी कला महाविद्यालय में योजना की शुरुआत करते हुए स्टालिन ने कहा कि 'द्रविड़ मॉडल' सरकार सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध है और उन्होंने इसके अनुरूप कई कल्याणकारी योजनाओं की रूपरेखा पेश की।

महिलाओं के लिए बसों में किराया-मुक्त यात्रा (विदियाल पयानम) योजना, जो महिलाओं को वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने में मदद करती है, का उपयोग उनके (महिलाओं के) द्वारा 518 करोड़ बार किया गया है। कलैगनर मगलिर उरीमाई थिट्टम (महिलाओं के अधिकार के लिए कलैगनर योजना) के तहत लगभग 1.15 करोड़ महिलाओं को हर महीने 1,000 रुपए प्रदान किए जा रहे हैं।

## एयर इंडिया ने तेल अवीव की उड़ानें स्थगित कीं

**नई दिल्ली/भाषा।** इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर एयर इंडिया ने शुक्रवार को तेल अवीव से आने-जाने वाली अपनी उड़ानों को अगली सूचना तक स्थगित करने की घोषणा की। टाटा समूह के स्वामित्व वाली कंपनी ने इससे पहले राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से तेल अवीव तक की अपनी सेवाएं आठ अगस्त तक स्थगित कर दी थीं। एयरलाइन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में मौजूदा स्थिति को देखते हुए तेल अवीव से आने-जाने वाली हमारी उड़ानों का निर्धारित संचालन तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। हम स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं। एयरलाइन कंपनी तेल अवीव से आने-जाने के लिए पक्की टिकट वाले अपने यात्रियों को उनके टिकट का पूरा पैसा वापस करने की पेशकश कर रही है। पश्चिम एशिया में इजरायल और हमास सहित विभिन्न आतंकवादी समूहों के बीच संघर्ष के कारण तनाव अभी भी उच्चस्तर पर बना हुआ है।

अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए

## सरकार का क्रीमी लेयर का प्रावधान करने का विचार नहीं

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार शाम हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया।**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/एजेन्सी।** सरकार ने कहा है कि उसका अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्गों को सरकारी नौकरियों और उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए दिये जाने वाले आरक्षण में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की तर्ज पर क्रीमी लेयर का प्रावधान करने का कोई विचार नहीं है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार शाम हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया।


सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मंत्रिमंडल ने आरक्षण के संबंध में उच्चतम न्यायालय के हाल में आये आदेश पर विस्तार से चर्चा की । उन्होंने कहा कि इस दौरान उच्चतम न्यायालय द्वारा आरक्षण के प्रावधानों के संबंध में दिये गये सुझावों पर भी बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के संविधान में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण में क्रीमी लेयर का कोई प्रावधान नहीं किया गया है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार बाबा साहेब के संविधान के प्रति पूरी तरह वचनबद्ध है।

चर्चा के बाद मंत्रिमंडल का सुविचारित मत है कि संविधान के अनुसार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण में क्रीमी लेयर के प्रावधान का सरकार का कोई विचार नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार का मानना है कि यह व्यवस्था संविधान के अनुरूप ही होनी चाहिए।

## उच्चतम न्यायालय ने दी मनीष सिसोदिया को जमानत

**10 लाख रुपए के निजी मुचलके समेत अन्य शर्तों के साथ जमानत दी**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



मनीष सिसोदिया 17 महीने बाद तिहाड़ जेल से बाहर आए

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** उच्चतम न्यायालय दिल्ली की कथित अबकारी नीति घोटाले में भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामले में अलग-अलग दर्ज मुकदमों के आरोपी आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को शुक्रवार को सशर्त जमानत दे दी।

न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ 17 महीने से दिल्ली के तिहाड़ जेल में बंद पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया को जमानत देते हुए कहा , ...जमानत नियम है और जेल अपवाद...। शीर्ष अदालत ने सिसोदिया को अपना पासपोर्ट जमा करने, हर सोमवार को संबंधित जांच अधिकारी को रिपोर्ट करने, गवाहों को प्रभावित नहीं करने तथा 10 लाख रुपए के निजी मुचलके समेत अन्य शर्तों के साथ जमानत दी।

पीठ ने सिसोदिया की याचिका मंजूर करते हुए कहा कि जमानत को सजा के तौर पर खारिज नहीं किया जा सकता। निचली अदालत और उच्च न्यायालयों को यह समझने का समय आ गया है कि जमानत नियम है और जेल अपवाद है।

## भारत के लिए पाकिस्तान अब रणनीतिक खतरे की बजाय महज 'सिरदर्द' बनकर रह गया है : शौर्य डोभाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**आतंकवाद स्कूलों से लेकर अस्पतालों तक समाज के विभिन्न क्षेत्रों में घुसपैठ कर सकता है और इसके लिए हमारे राष्ट्र को तैयार करने तथा उसकी रक्षा करने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है।**

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता एवं 'इंडिया फाउंडेशन' के संस्थापक शौर्य डोभाल ने कहा है कि भारत के लिए पाकिस्तान अब रणनीतिक खतरा होने की बजाय केवल ''सिरदर्द'' बनकर रह गया है क्योंकि नई दिल्ली ने अपने पड़ोसी पर बढ़त हासिल कर ली है। उन्होंने कहा कि भारत की मुख्य बढ़त उसका आर्थिक विकास है, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि इस विकास को आगे बढ़ाने और रणनीतिक बढ़त हासिल करने के लिए पाकिस्तान तथा चीन सहित अन्य पड़ोसियों के साथ संबंधों को प्रबंधित करने की आवश्यकता है।

यहां 'पीटीआई' मुख्यालय में संपादकों के साथ बातचीत में डोभाल ने साइबर आतंकवाद से लड़ने के लिए निजी 'खिलाड़ियों' को शामिल करने का भी समर्थन किया और कहा कि केवल कानूनी एवं सैन्य उपायों पर निर्भर रहने के बजाय ''व्यापक'' सामाजिक प्रतिक्रिया की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''हमने पाकिस्तान के साथ अपने संबंधों में विभिन्न बिंदुओं को पार कर लिया है। हालांकि, वे अब भी चुनौतियां पेश करते हैं, लेकिन वे अब एक गंभीर खतरा नहीं हैं... पाकिस्तान अब हमारे लिए एक 'सिरदर्द' तो है लेकिन यह हमारे लिए कोई रणनीतिक खतरा पैदा नहीं करता है। तो, यह एक स्थिति सुलझ गई है।''

डोभाल ने इस बात पर प्रकाश डाला कि इसी तरह का परिदृश्य भारत के पूर्वी मोर्चे पर है। इसके साथ ही उन्होंने आगाह किया कि भारत का उत्तरी पड़ोसी अपनी सैन्य क्षमताओं और इरादों के कारण एक गंभीर चुनौती बना हुआ है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है, सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण, भारत की मुख्य खासियत अभी आर्थिक विकास है... हमें अपने पड़ोस का प्रबंधन करना है ताकि पड़ोसियों की तुलना में हमें अपने आर्थिक लक्ष्य तक पहुंचने और रणनीतिक लाभ हासिल करने में सक्षम होने के लिए वह स्थान और समय मिलता रहे।''

मुंबई के कॉलेज के

## हिजाब पर प्रतिबंध लगाने संबंधी आदेश पर उच्चतम न्यायालय की रोक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** उच्चतम न्यायालय ने मुंबई के एक कॉलेज में विद्यार्थियों के हिजाब, नकाब, टोपी या धार्मिक बैज के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने वाले परिपत्र के जरिए जारी आदेश पर शुक्रवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कॉलेज की ओर से इस तरह का परिपत्र जारी करने पर हैरानी जताई और इसे जारी करने वाले अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कई सवाल पूछे।



पीठ ने कॉलेज प्रशासन से यह भी पूछा कि आजादी के इतने सालों बाद अचानक यह परिपत्र जारी करने का फैसला क्यों किया गया? इस पर कॉलेज की ओर से पेश अधिवक्ता ने कहा कि कॉलेज की स्थापना 2008 में की गई थी।

शीर्ष अदालत ने परिपत्र पर अंतरिम रोक लगाते हुए कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई 18 नवंबर 2024 को करेगी। पीठ ने हालांकि, स्पष्ट किया कि कक्षाओं में बुर्का की अनुमति नहीं दी जा सकती। इसके साथ ही पीठ ने कहा, हमें उम्मीद है कि इस आदेश का कोई भी दुरुपयोग नहीं करेगा।

## आईएसआईएस का वांछित आतंकवादी गिरफ्तार

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने आतंकवादी संगठन 'इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया' (आईएसआईएस) के पुणे मॉड्यूल के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस वांछित आतंकवादी का नाम रिजवान अब्दुल हाजी अली है और वह दिल्ली के दरियागंज का रहने वाला है। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ के एक दल ने एक गुप्त सूचना के आधार पर दिल्ली-फरीदाबाद सीमा पर उसे गिरफ्तार किया है।

## ओलंपिक की भाला फेंक स्पर्धा में नीरज चोपड़ा ने जीता रजत पदक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पेरिस/एजेन्सी।** भारत के गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा पेरिस ओलंपिक पुरुष भाला फेंक फाइनल में 89.45 मीटर थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

नीरज चोपड़ा लगातार अपना दूसरा स्वर्ण पदक नहीं जीत पाये। उन्होंने अपने दूसरे प्रयास में 89.45 मीटर के साथ अपने करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो करने के बावजूद, यह पाकिस्तान के अरशद नदीम को पछाड़ने में विफल रहे।

स्पर्धा में पाकिस्तान के अरशद नदीम ओलंपिक रिकॉर्ड 92.97 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने 88.54 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता।

## जम्मू-कश्मीर में जल्द से जल्द चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**जम्मू/भाषा।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने शुक्रवार को कहा कि निर्वाचन आयोग जम्मू-कश्मीर में जल्द से जल्द चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी आंतरिक या बाहरी शक्ति को चुनाव प्रक्रिया प्रभावित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

कुमार के नेतृत्व में आयोग के एक प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव तैयारियों की समीक्षा और राजनीतिक दलों के साथ चर्चा करने के लिए जम्मू-कश्मीर का दौरा किया है। कुमार ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सभी दल जल्द विधानसभा चुनाव कराने का पुरजोर समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम जम्मू-कश्मीर में जल्द से जल्द चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें विश्वास है कि लोग विघटनकारी ताकतों को मजबूती से जवाब देंगे। जब भी चुनाव होंगे हम मतदाताओं की भागीदारी में वृद्धि देखेंगे। चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार एवं एसएस संधू की मौजूदगी में सीईसी ने कहा कि आयोग ने अपनी राज्य स्तरीय समीक्षा पूरी कर ली है और इस बात पर जोर दिया कि क्षेत्र में विधानसभा चुनाव कराने का यह सही समय है।

## भाजपा-जद(एस) नेताओं को मेरा इस्तीफा मांगने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है : सिद्दरामय्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मैसुरू (कर्नाटक)/भाषा।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने कथित भूमि घोटाले को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) द्वारा निकाले गए 'मैसुरू चलो'' मार्च की शुक्रवार को आलोचना की और कहा कि विपक्षी दलों के किसी भी नेता को उनसे सवाल करने का नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने लोगों से ''मनुवादियों'' को बाहर निकालने का आह्वान किया।

कर्नाटक में भाजपा-जद (एस) ने कथित मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण स्थल (एमयूडीए) आवंटन घोटाले के खिलाफ 'मैसुरू चलो' पदयात्रा शुरू की है जो शनिवार को समाप्त होगी। बेंगलूरु से मैसुरू तक की यह यात्रा मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या के इस्तीफे की मांग को लेकर की जा रही है।

विपक्षी दलों का आरोप है कि एमयूडीए ने उन लोगों को मुआवजे के तौर पर भूखंड वितरित करने में अनियमितता बरती, जिनकी जमीन का ''अधिग्रहण'' किया गया है। मुआवजे के तौर पर भूखंड प्राप्त करने वालों में सिद्दरामय्या की पत्नी पार्वती भी शामिल हैं।

ऐसा आरोप है कि पार्वती को मैसुरु के एक 'पॉश' इलाके में मुआवजे के तौर पर ऐसा भूखंड आवंटित किया गया, जिसका मूल्य उनकी उस जमीन की तुलना में अधिक था, जिसका एमयूडीए ने ''अधिग्रहण'' किया था।

सिद्दरामय्या ने विपक्ष के आरोपों और उसकी पदयात्रा का जवाब देने के लिए यहां महाराजा कॉलेज मैदान में आयोजित विशाल 'जन आंदोलन' सम्मेलन में कहा, ''नौ अगस्त अंग्रेजों को भारत से बाहर निकालने के लिए किए गए ऐतिहासिक 'भारत छोड़ो' आंदोलन की वर्षगांठ है।'' उन्होंने कहा, ''आज हमें सांप्रदायिक, जातिवादी और सामंती लोगों को बाहर निकालना है।''




# तेयुप मंड्या की नई कार्यकारिणी समिति ने ली शपथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मंड्या। तेरापंथ युवक परिषद् के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पवन मांडोत की उपस्थित में जैन संस्कार विधि से तेयुप को शपथ ग्रहण करवाई। तेयुप के निर्वतमान अध्यक्ष प्रवीणकुमार दक ने नवनियुक्त अध्यक्ष कमलेश गोखरू को शपथ एवं संकल्प करवाया। ततपश्चात कमलेश गोखरू ने वर्ष 2024-25 हेतु अपने प्रबंध मंडल,कार्यकारिणी एवं परामर्शक टीम को पद व संविधान की शपथ दिलाई। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पवन मांडोत ने शुभकामनाएं दी। इस मौके पर साध्वीश्री संयमलता जी ने युवाओं के जोश व संघ के प्रति समर्पण भाव को देखकर कहा कि आज का युवा तेज रफ्तार की जिंदगी व मोहक आकर्षक दुनिया में रहता हुआ भी संघ व समाज के लिए इतना समय नियोजन कर रहा है। तेयुप अपने भीतर साहस व जूनून की मशाल को प्रज्वलित रखते हुए निरन्तर आध्यात्मिक दिशा में प्रगति करती रहे। साध्वीश्री मार्दवश्रीजी ने नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए साध्वीश्री मार्दवश्रीजी ने कहा कि जिस की आंखों में में वैभव के सपने तथा मन में तूफान सी गति होती है वह युवक होता है। युवक तो हर मुश्किल को आसान बनाकर आगे बढ़ता है। इस अवसर पर अभातेयु प के सदस्य अमित दक, राकेश दक, राकेश पोकरणा, ललित मैहर, मुकेश गुगलिया, मण्डिया सभा अध्यक्ष सुरेश भंसाली, मंत्री विनोद भंसाली, महिला मंडल मंत्री टीना दक व युवक परिषद् सदस्य उपस्थित थे। आभार ज्ञापन मंत्री प्रदीप भंसाली ने किया।

# विहिप के शीर्ष पदाधिकारियों ने की शाह से मुलाकात, बांग्लादेश में हिन्दुओं की सुरक्षा की मांग उठाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के शीर्ष पदाधिकारियों ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और उनसे बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा के लिए 'तत्काल अपरिहार्य कार्रवाई' करने का आग्रह किया।

बांग्लादेश में सोमवार को प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफा देने के बाद से कई हिंदू मंदिरों, हिंदू समुदाय के लोगों के घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की गई है। नौकरियों में विवादास्पद कोटा प्रणाली को लेकर शेख हसीना नीत सरकार के खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद देश में अव्यवस्था का माहौल हो गया था। विहिप की ओर से जारी में एक बयान में कहा गया बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर लगातार हमले और उत्पीड़न की घटनाओं से चिंतित, विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष आलोक कुमार और महासचिव बजरंग बागड़ा ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और उनसे पड़ोसी देश में संकटग्रस्त समुदायों की सुरक्षा के लिए तत्काल अपरिहार्य कार्रवाई का अनुरोध किया।

मुलाकात के बाद बागड़ा ने कहा कि विहिप अध्यक्ष और उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की हत्याओं, आगजनी और अन्य रूपों में अमानवीय उत्पीड़न को लेकर भारत में हिंदू समाज की 'पीड़ा और परेशानी' से शाह को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश में उनकी सुरक्षा के लिए तत्काल आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई। विहिप महासचिव ने बताया, ''गृह मंत्री ने इस दिशा में सरकार द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी दी और कहा कि सरकार इस मामले में पूरी संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ आवश्यक कार्रवाई कर रही है।'' उन्होंने कहा, ''गृह मंत्री ने उम्मीद जताई कि अंतरिम सरकार के मुखिया ने हिंदू अल्पसंख्यकों (बांग्लादेश में) के उत्पीड़न की घटनाओं से इनकार नहीं किया है, इसलिए वह स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए उचित कदम उठाएंगे।'' नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस ने बृहस्पतिवार को हसीना की जगह बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में शपथ ली।



बागड़ा ने कहा कि जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख को अपने बधाई संदेश में हिंदुओं की सुरक्षा का मुद्दा उठाया है और वहीं बांग्लादेश में छात्रों सहित सभी भारतीयों को सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा कार्रवाई सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा, ''हिंदुओं, सिखों, बौद्धों और ईसाई अल्पसंख्यकों और उनके पूजा स्थलों की सुरक्षा के लिए वहां के अधिकारियों से संपर्क स्थापित कर हर संभव कार्रवाई की गई है।''

बागड़ा ने कहा कि विहिप ने एक आपातकालीन हेल्पलाइन स्थापित करने का फैसला किया है और इस सिलसिले में नंबर जल्द ही जारी किया जाएगा।

# सिसोदिया को जमानत देने का आदेश उन्हें अपराध से मुक्त नहीं करता: स्वराज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद बांसुरी स्वराज ने शुक्रवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) को जमानत देने का उच्चतम न्यायालय का फैसला एक 'प्रक्रियात्मक आदेश' है जो उन्हें अपराध से मुक्त नहीं करता। न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति और धन शोधन से जुड़े मामलों में मनीष सिसोदिया को जमानत दे दी है। न्यायालय ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया को जमानत प्रदान करते हुए कहा कि वह 17 महीने से हिरासत में हैं।

स्वराज ने यहां भाजपा मुख्यालय में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि सिसोदिया को उनकी अपील के कारण जमानत दी गई है, जो ''मुकदमे में देरी'' पर आधारित है। सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि वह 17 महीने से हिरासत में हैं और अभी तक मुकदमा शुरू नहीं हुआ है, जिससे वह शीघ्र सुनवाई के अधिकार से वंचित हो गए हैं।

स्वराज ने आरोप लगाया कि आप पार्टी भ्रष्टाचार में लिप्त है और देर-सवेर उसे अदालत के सामने जवाबदेह ठहराया जाएगा। उन्होंने कहा, ''अदालत में मनीष सिसोदिया जी की जमानत सात बार खारिज हो चुकी है। यह उनका आठवां प्रयास था और आज उन्हें जमानत मिल गई, क्योंकि उन्होंने सुनवाई में देरी के आधार पर अपील की थी...। मुझे पता है कि आप कार्यालय में जश्न का माहौल होगा, लेकिन मैं आपको बता दूं कि इस जमानत का वास्तव में क्या मतलब है।'' भाजपा नेता ने कहा, ''इससे सिसोदिया अपराध से मुक्त नहीं हो जाते। दिल्ली के लोगों को मूर्ख बनाने के लिए उन्हें अब भी जवाबदेह ठहराया जाएगा।''

# केनरा बैंक ने ब्याज दर 0.05 प्रतिशत बढ़ाई

**नई दिल्ली/भाषा।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने शुक्रवार को कोष की सीमांत लागत आधारित ब्याज दर (एमसीएलआर) को 0.05 प्रतिशत बढ़ा दिया। यह वृद्धि सभी अवधि के कर्ज के लिए की गयी है। इससे ज्यादातर उपभोक्ता कर्ज महंगे हो जाएंगे।

केनरा बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एक साल की अवधि वाली एमसीएलआर अब नौ प्रतिशत होगी। वर्तमान में यह 8.95 प्रतिशत है। इसका उपयोग वाहन और व्यक्तिगत जैसे ज्यादातर उपभोक्ता कर्ज पर ब्याज तय करने के लिए किया जाता है।

तीन साल के लिए एमसीएलआर 9.40 प्रतिशत होगी जबकि दो साल की अवधि के लिए एमसीएलआर को 0.05 प्रतिशत बढ़ाकर 9.30 प्रतिशत कर दिया गया है। एक महीने, तीन महीने और छह महीने की अवधि के लिए ब्याज 8.35-8.80 प्रतिशत के दायरे में होगा। नई दरें 12 अगस्त, 2024 से प्रभावी होंगी। भारतीय रिजर्व बैंक के नीतिगत दर रेपो को लगातार नौवीं बार 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने के एक दिन बाद बैंक ने ब्याज दर में वृद्धि की है।

# केंद्र सरकार ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर मौजूदा स्थिति की निगरानी के लिए समिति गठित की: शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी नीत सरकार ने पड़ोसी देश में मौजूदा स्थिति के मद्देनजर भारत-बांग्लादेश सीमा पर स्थिति की निगरानी के लिए बीएसएफ के एक शीर्ष अधिकारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को एक उच्च स्तरीय समिति गठित की।

शाह ने कहा कि समिति बांग्लादेश में भारतीय नागरिकों, हिंदुओं और वहां रहने वाले अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वहां के समकक्ष अधिकारियों के संपर्क में रहेगी। शाह ने 'एक्स' पर कहा, ''बांग्लादेश में व्याप्त स्थिति के मद्देनजर मोदी सरकार ने भारत-बांग्लादेश सीमा (आईबीबी) पर मौजूदा स्थिति की निगरानी के लिए एक समिति गठित की है। समिति बांग्लादेश में अपने समकक्ष अधिकारियों के साथ संपर्क बनाए रखेगी, ताकि वहां रहने वाले भारतीय नागरिकों, हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। समिति की अध्यक्षता एडीजी (अतिरिक्त महानिदेशक), सीमा सुरक्षा बल, पूर्वी कमान करेंगे।''बीएसएफ एडीजी के अलावा समिति के चार अन्य सदस्यों में दक्षिण बंगाल सीमांत के लिए बीएसएफ के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी), त्रिपुरा सीमांत के लिए आईजीपी, भारतीय भूमि बंदरगाह प्राधिकरण (एलपीएआई) के सदस्य (योजना एवं विकास) और एलपीएआई के सचिव शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने बृहस्पतिवार को बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में शपथ लेने वाले मोहम्मद यूनुस को शुभकामनाएं दीं और देश में जल्द ही स्थिति सामान्य होने तथा हिंदुओं व अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित होने की उम्मीद जताई थी। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने राष्ट्रपति भवन 'बंगभवन' में आयोजित समारोह में यूनुस को पद की शपथ दिलाई थी।

# विदेशी मुद्रा भंडार 7.53 अरब डॉलर बढ़कर 674.91 अरब डॉलर पर


**मुंबई/भाषा।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार दो अगस्त को समाप्त सप्ताह में 7.53 अरब डॉलर बढ़कर 674.91 अरब डॉलर की नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पहले 26 जुलाई को समाप्त सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 3.47 अरब डॉलर घटकर 667.38 अरब डॉलर रह गया था। वहीं 18 जुलाई को यह 670.85 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर रहा था।

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, दो अगस्त को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 5.16 अरब डॉलर बढ़कर 592.03 अरब डॉलर हो गईं।

डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

# आरएसएस ने बांग्लादेश में हिन्दुओं व अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया



**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ हिंसा की घटनाओं पर शुक्रवार को 'चिंता' व्यक्त की और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार से उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास करने का आग्रह किया। आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से भी ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई करने और जान-माल की सुरक्षा के लिए उचित बंदोबस्त करने का आग्रह किया। बांग्लादेश में सोमवार को प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफा देने के बाद से कई हिंदू मंदिरों, हिंदू समुदाय के लोगों के घरों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की गई है। नौकरियों में विवादास्पद कोटा प्रणाली को लेकर शेख हसीना नीत सरकार के खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद देश में अव्यवस्था का माहौल हो गया था।

# अमेजन इंडिया ने 72 घंटे के अंदर राहत सामग्री पहुंचाने के लिए 4 केंद्र स्थापित किए

**मुंबई/भाषा।** ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन इंडिया ने आपदा प्रबंधन रणनीति के तहत 72 घंटे से कम समय में तत्काल राहत सामग्री पहुंचाने के लिए पश्चिम बंगाल में एक अस्थायी केंद्र सहित चार केंद्र स्थापित किए हैं। अमेजन इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि ठाणे (महाराष्ट्र), फरीदाबाद (हरियाणा), हैदराबाद (तेलंगाना) और पश्चिम बंगाल के पुरबा बर्धमान में स्थित ये आपदा राहत सुविधाएं कंपनी को तेजी से संसाधन जुटाने और बाढ़, चक्रवात, शीत लहर जैसी प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित समुदायों की सहायता करने में सक्षम बनाएंगी। कंपनी ने कहा कि इन केंद्रों के स्थान देश के पश्चिम, उत्तर, दक्षिण और पूर्वी क्षेत्र हैं। इन स्थानों का चयन नेटवर्क के महत्तम इस्तेमाल को ध्यान में रखकर किया गया है। अमेजन परिवहन सेवाओं के विशेषज्ञों की एक टीम द्वारा इन्हें विकसित किया गया है। बयान के अनुसार, यह कदम इस वर्ष भारी वर्षा के कारण देश के कई भागों में आई बाढ़ को देखते हुए उठाया गया है। भारत और एशिया प्रशांत में अमेजन कम्युनिटी इम्पैक्ट प्रमुख अनीता कुमार ने कहा, हमारे आपदा राहत प्रयास व्यापक लॉजिस्टिक नेटवर्क, वेयरहाउसिंग विशेषज्ञता और गैर-लाभकारी साझेदारों, समर्पित राहत कार्यकर्ताओं और जमीनी स्तर पर निस्वार्थ स्वयंसेवकों के साथ मिलकर काम करने के हमारे सहयोगी दृष्टिकोण के अनुसार तय होते हैं।

# भारत को घरेलू विमानन बाजार में नंबर एक देश बनाना सरकार की प्राथमिकता: नायडू



**नई दिल्ली/भाषा।** नागर विमानन मंत्री किंजरप्पा राममोहन नायडू ने कहा कि हवाई सेवा को तरजीह देना समय की मांग है और सरकार की प्राथमिकता भारत को घरेलू विमानन बाजार में नंबर-एक देश बनाना है। नायडू ने कहा कि सरकार ब्रिटिशकालीन विमान अधिनियम की विसंगतियों को न केवल समाप्त करने के प्रति कृत संकल्पित है, बल्कि इसे प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के अनुरूप भी बना रही है। उन्होंने भारतीय वायुयान विधेयक, 2024 पर लोकसभा में चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि मौजूदा कानून में अपील संबंधी कई विसंगतियां मौजूद हैं, जिसे प्रस्तावित भारतीय वायुयान विधेयक, 2024 के जरिये दुरुस्त करने का प्रयास किया गया है।

नायडू ने कहा कि ब्रिटिशकालीन कानून में केवल वित्तीय जुर्माने का प्रावधान था, लेकिन सरकार मसौदा कानून में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत को समाहित करते हुए प्रशासनिक उपाय को भी तरजीह दे रही है। उन्होंने नागरिक विमानन सेवा को अंतरराष्ट्रीय मानकों और नीतियों के समीचीन बनाने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी-नीत सरकार की प्राथमिकताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि मोदी के कार्यकाल में 'सिविल एविएशन' अब 'सिविलियन एविएशन' बन गया है। नायडू ने कहा कि देश में जनसंख्या के बढ़ते घनत्व और चिकित्सा एवं पर्यटन क्षेत्र की विविधताओं के मद्देनजर सरकार की योजना दो स्थानों के बीच ब्राजील की तरह हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने की है। उन्होंने कहा कि हेलीकॉप्टर सेवा का दायरा भारत में व्यापक है और सुसंगत हेलीकॉप्टर के निर्माण को बढ़ावा दिया जा रहा है।



# ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर और सरबजोत सिंह ने सैनी से मुलाकात की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर और सरबजोत सिंह ने शुक्रवार को यहां हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। सैनी ने पेरिस ओलंपिक में दोनों खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। दस मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाली भाकर ने यहां पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से भी उनके आवास पर मुलाकात की।

भाकर स्वतंत्रता के बाद एक ओलंपिक खेलों में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और सरबजोत सिंह के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीते थे। हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी ने यहां अपने सरकारी आवास पर हरियाणा के दोनों खिलाड़ियों को पेरिस ओलंपिक में उनके प्रदर्शन के लिए बधाई दी। खिलाड़ियों के साथ उनके माता-पिता भी थे। मनु झज्जर की रहने वाली हैं, जबकि सरबजोत अंबाला के हैं। सैनी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में भाकर के बारे में बात करते हुए कहा, मनु-मैजिक से पूरा देश प्रभावित और उत्साहित है। आपकी प्रतिभा की आभा से पूरी दुनिया रोशन है और हर भारतीय खुशी महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा, देश की बहादुर बेटी का मुख्यमंत्री आवास पर स्वागत और अभिनंदन किया गया। आप हरियाणा की बेटियों के लिए प्रेरणा का नया स्रोत हैं। आपने एक ही ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतकर राज्य का गौरव बढ़ाया है। 140 करोड़ भारतीयों को गौरवान्वित करने के लिए मैं आपको दिल से धन्यवाद और बधाई देता हूं।

सैनी ने कहा, सरबजोत सिंह, जिन्होंने वैश्विक स्तर पर साबित कर दिया कि हमारे हरियाणा के बेटों की ताकत क्या है। मिश्रित शूटिंग में देश के लिए कांस्य पदक हासिल करके आपने वह कर दिखाया है जो हमारी हरियाणा की धरती की पहचान है। मुझे मुख्यमंत्री आवास पर आपका स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। सैनी ने कहा, यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है और सरबजोत सिंह, आपने हम सभी हरियाणवियों को यह अवसर दिया है।

# गोयल ने उद्योग को अनुकूल माहौल सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया



**नई दिल्ली/भाषा।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने विभिन्न उद्योगों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के साथ बृहस्पतिवार को हुई बैठक में नियामकीय सुधार, दूरसंचार, कारोबार एवं लॉजिस्टिक्स समेत विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

मंत्रालय ने शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में कहा कि आठ अगस्त को हुई बैठक में उद्योग जगत के 100 लोग शामिल हुए। इनमें ईएसडीएम (इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिजाइन और विनिर्माण), वाहन, रसायन, दूरसंचार, पूंजीगत सामान, कपड़ा और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों के 35 से अधिक सीईओ और मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) शामिल हुए।

बैठक में जिन मुद्दों पर चर्चा हुई उनमें नियामकीय सुधार, व्यापार, लॉजिस्टिक्स, बाजार मांग, आपूर्तिकर्ता पारिस्थितिकी तंत्र, प्रतिभा उपलब्धता, नीतियां, बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) और पूंजी तक पहुंच शामिल थे।

बयान के अनुसार, उन्होंने (गोयल) उद्योग के संबंधित लोगों के साथ सक्रिय रूप से बातचीत की, उनकी चिंताओं का समाधान किया और अनुकूल कारोबारी माहौल बनाने के लिए सरकार के प्रयासों का भरोसा दिलाया।''

# ऑनलाइन गेमिंग से युवाओं पर बुरा असर, सख्त कानूनी उपाय किए जाएं: श्रीकांत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि देश में ऑनलाइन गेमिंग का युवाओं पर बुरा असर पड़ रहा है और ऐसे में इस पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कानूनी उपाय किए जाने चाहिए। उन्होंने सदन में शून्यकाल के दौरान यह विषय उठाया।

शिंदे ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग खासकर 'जंगली रमी' का युवाओं पर बुरा असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस समस्या को रोकने के लिए सख्त कानूनी उपाय करने होंगे तथा जागरूकता पैदा करनी होगी। कांग्रेस के गोपाल पडवी ने कहा कि नौ अगस्त को राष्ट्रीय आदिवासी दिवस पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया जाए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद विष्णुपद राय ने बांग्लादेश में हिंसा का मुद्दा उठाया और कहा कि विपक्षी नेता वोटबैंक के चलते चुप्पी साधे हुए हुए हैं। उन्होंने कहा कि सदन के स्तर से इस मामले पर कड़ा विरोध दर्ज कराया जाना चाहिए।

भाजपा सदस्य संबित पात्रा ने शिक्षा मंत्रालय से आग्रह किया है कि 'काकोरी' की घटना का उल्लेख पाठ्यपुस्तकों में काकोरी प्रतिरोध या 'काकोरी रेल एक्शन' के तौर पर किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह दुखद है कि स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी इस घटना का वर्णन 'काकोरी कांड' के तौर पर किया जाता है। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि सेना में गुर्जर रेजीमेंट बनाई जाए। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज से कहा कि दिल्ली में सीवर की व्यवस्था चरमरा गई है।

# हैदराबाद में नशे की हालत में महिला ने बस परिचालक पर सांप फेंका

**हैदराबाद/भाषा।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में 'नशे की हालत में' बस के शीशे को क्षतिग्रस्त करने के बाद बस परिचालक के ऊपर कथित तौर पर सांप फेंकने वाली महिला को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि महिला ने बृहस्पतिवार की शाम विद्यानगर में तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम (टीजीएसआरटीसी) की बस पर शराब की बोतल फेंकी थी। उन्होंने बताया कि जब बस की महिला परिचालक ने उससे इस हरकत के बारे में पूछा तो उसने अपने बैग से सांप निकाला और उस पर फेंक दिया, हालांकि परिचालक इससे बचने में सफल रही। टीजीएसआरटीसी अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने घटना के संबंध में नल्लाकुंटा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है।


# एससी-एसटी के उप-वर्गीकरण के मामले में समाज को गुमराह नहीं किया जाए: कानून मंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि विपक्षी दल अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के अंदर उप-वर्गीकरण की राज्यों को अनुमति देने संबंधी उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी को लेकर समाज को गुमराह नहीं करें।

सदन में प्रश्नकाल के दौरान शिवसेना (यूबीटी) के सदस्य भाऊसाहेब वाकचौरे के पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि न्यायालय ने कोई फैसला नहीं दिया है, सिर्फ टिप्पणियां की हैं।

मेघवाल ने कहा, ''एससी-एसटी के उप-वर्गीकरण में क्रीमी लेयर का संदर्भ उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश की टिप्पणी है, न कि फैसले का हिस्सा। सदस्य को समाज को गुमराह करने का प्रयास नहीं करना चाहिए।''



उन्होंने कहा कि संविधान में राज्यसभा या विभिन्न राज्यों में विधान परिषदों में एससी-एसटी के लिए आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है।

मेघवाल ने कहा, ''राज्यसभा में एससी/एसटी को आरक्षण देने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।''

उच्चतम न्यायालय ने बहुमत से दिए एक फैसले में पिछले दिनों कहा था कि राज्यों के पास अधिक वंचित जातियों के उत्थान के लिए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के लिए निर्धारित आरक्षण में उप-वर्गीकरण करने का अधिकार है।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय संविधान पीठ ने 6:1 के बहुमत से व्यवस्था दी कि राज्यों को अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) में उप-वर्गीकरण करने की अनुमति दी जा सकती है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन समूहों के भीतर और अधिक पिछड़ी जतियों को आरक्षण दिया जाए।

उद्घाटन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कोयम्बटूर में शुक्रवार को मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने 481 करोड़ रुपए की लागत से अथुपलम से उक्कदम जंक्शन और ओप्पनक्कारा रोड तक फ्लाईओवर खोला। इस समारोह में मंत्री,संसद, विधायक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने 'तमिल पुथुलवन' योजना की शुरुआत की

## विद्यार्थियों को प्रति माह 1 हजार रुपए मिलेंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/कोयम्बटूर।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने शुक्रवार को कोयंबटूर में आयोजित एक सरकारी समारोह में 6वीं से 12वीं कक्षा तक के सरकारी स्कूलों में और 6वीं से 12वीं कक्षा तक सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में तमिल माध्यम में उच्च शिक्षा पढ़ने वाले छात्रों को 1000 रुपये प्रति माह दिए इस समारोह में वित्तीय सहायता प्रदान करने वाली 'तमिल पुथुलवन' योजना शुरू करने के रूप में छात्रों को कार्ड दिए गए।

स्टालिन ने कहा कि द्रविड़ मॉडल' सरकार सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध है और उन्होंने इसके अनुरूप कई कल्याणकारी योजनाओं की रूपरेखा पेश की। महिलाओं के लिए बसों में किराया-



मुक्त यात्रा (विदियाल पयानम) योजना, जो महिलाओं को वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने में मदद करती है, का उपयोग उनके (महिलाओं के) द्वारा 518 करोड़ बार किया गया है। कलैगनर मगलिर उरीमाई थिट्टम (महिलाओं के अधिकार के लिए कलैगनर योजना) के तहत लगभग 1.15 करोड़ महिलाओं को हर महीने 1,000 रुपये प्रदान किए जा रहे हैं। बच्चों के शिक्षा के अधिकार को प्राप्त करने की दिशा में पहल के तहत मुख्यमंत्री नाश्ता योजना के तहत 20.73 लाख बच्चे लाभान्वित हुए हैं। अब तक नान मुधलवन योजना (मैं पहला हूं) कौशल विकास और रोजगार सुविधा योजना के तहत 28 लाख छात्रों को रोजगार सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया है। पुधुमई पेन योजना के तहत, सरकारी स्कूलों में शिक्षा पूरी करने के बाद कॉलेज जाने वाली लगभग 3.28 लाख छात्राओं को हर महीने 1,000 रुपये की सहायता मिलती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी तरह की एक पहल 'तामीज पुधलवन' योजना है, जिसके तहत लड़कों को हर महीने 1,000 रुपये की सहायता दी जाती है। यह योजना उन लोगों के लिए लागू है, जिन्होंने सरकारी स्कूलों में कक्षा 6 से 12 तक की शिक्षा पूरी की है। योजना के तहत, 1,000 रुपये की सहायता सीधे छात्र-लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा की जाएगी।

कोयम्बटूर में आयोजित एक भव्य समारोह में मुख्यमंत्री ने 'तमिल पुथुलवन' योजना शुरू करने के रूप में छात्रों को कार्ड दिए। इस मौके पर मंत्री पोनमुडी, एवी वेलु, के. मथुस्वामी, पी. गीता जीवन, अंबिल महेस बोइयामोझी कोयंबटूर नगर निगम की मेयर आर. रंगनायके, संसद सदस्य गणपति राजकुमार, के. ईश्वरसामी, विधान सभा सदस्य वनथी श्रीनिवासन, मुख्य सचिव शिव दास मीना, समाज कल्याण और महिला अधिकार विभाग की सचिव जयश्री मुरलीधरन, कोयंबटूर जिला प्रशासन के अध्यक्ष क्रांति कुमार पाडी, स्थानीय निकायों के प्रतिनिधि और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी उपस्थित थे।

# चोलामंडलम फाइनेंशियल का जून तिमाही में शुद्ध लाभ 1,159.56 करोड़ रुपये पर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** चोलामंडलम फाइनेंशियल होल्डिंग्स लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 1,159.56 करोड़ रुपये हो गया है। विविध क्षेत्रों में कार्यरत समूह मुरुगप्पा समूह की इकाई ने पिछले साल की इसी तिमाही के दौरान 791.78 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा दर्ज किया था। चोलामंडलम फाइनेंशियल होल्डिंग्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि पिछले पूरे वित्त वर्ष के लिए एकीकृत शुद्ध मुनाफा 3,850.56 करोड़ रुपये रहा।

जून तिमाही में एकीकृत कुल आय बढ़कर 7,677.43 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले साल की इसी तिमाही में 5,714.59 करोड़ रुपये थी। पिछले पूरे वित्त वर्ष (2023-24) में एकीकृत कुल आमदनी 26,086.76 करोड़ रुपये थी।

संयुक्त उद्यम कंपनी चोलामंडलम एमएस रिस्क सर्विसेज लिमिटेड में चोलामंडलम फाइनेंशियल होल्डिंग्स की लगभग 49.5 प्रतिशत हिस्सेदारी है। कंपनी ने जून तिमाही में कुल 16.29 करोड़ रुपये की आय दर्ज की, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 15.28 करोड़ रुपये थी।

# तलाशी अभियान में शामिल हुए भूस्खलन में जिंदा बचे लोग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**वायनाड।** चूरलमाला पहुंचते ही मोहनन का चेहरा उतर गया। वह केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन से तबाह हुए अपने गांव की तबाही का सामना कर रहे, बचे कुछ लोगों के एक समूह का हिस्सा हैं। भूस्खलन की घटनाओं में जीवित बचे मोहनन और अन्य लोग विनाशकारी भूस्खलन के बाद पहली बार अपने गांव का दौरा कर रहे थे, जिसने मुंडक्कई क्षेत्र में सब कुछ नष्ट कर दिया और उन्हें बेघर कर दिया। वे इस तथ्य से जूझ रहे थे कि वे अपने कुछ प्रियजनों को कभी नहीं देख पाएंगे जो भूस्खलन में लापता हो गए हैं

मोहनन ने कहा, मैं अपने भाइयों की तलाश में हूं, उम्मीद है कि मुझे अपने प्रियजनों का कम से कम एक अंग तो मिल ही जाएगा। हमारे कई रिश्तेदार और दोस्त अब भी लापता हैं। मोहनन और अन्य जीवित बचे लोग शुक्रवार को संयुक्त खोज अभियान के लिए बचाव दल में शामिल हुए। उन्होंने सरकारी अधिकारियों से अनुरोध किया कि वह चाहते हैं कि तलाशी अभियान उन जगहों पर चलाया जाए, जिन्हें वे अच्छी तरह जानते हैं। ये लोग, भाग्यशाली थे कि वे भूस्खलन के दौरान पत्थरों और पेड़ों के साथ मिश्रित कीचड़ के सैलाब से बच गए। उन्होंने लोगों को फंसते हुए, अपने प्रियजनों को कीचड़ में गायब होते हुए और यहां तक कि कुछ लोगों को पत्थरों के नीचे कुचलते हुए भी देखा है। उसी इलाके के एक और जीवित बचे



ससीन्द्रन ने कहा, हम असहाय होकर अपने लोगों को मदद के लिए चिल्लाते और बहते हुए देखते रहे। हमारे पास उन तक पहुचने का कोई रास्ता नहीं था।

उन्होंने बचावकर्मियों को वे जगहें दिखाईं, जहां उनके और उनके रिश्तेदारों के घर थे, जबकि अधिकारी घरों की जगह पर बचे हुए सिर्फ मिट्टी और पत्थरों के ढेर को देख रहे थे। वहां कुछ चट्टानें इतनी बड़ी हैं कि एक ही चट्टान दो मंजिला इमारत को ध्वस्त कर सकती है। एक और जीवित बचे व्यक्ति वासुदेवन ने कहा, हम सभी यहां जाति, पंथ या धर्म के बारे में सोचे बिना एक-दूसरे से जुड़े समाज की तरह रहते थे। इसलिए आपदा में खोया हर व्यक्ति हमारे लिए बहुत प्यारा था।

इस आपदा में अपने कई मित्रों को खो चुके रशीद ने कहा, हम केवल यही आशा करते हैं कि हमें कुछ मिल जाए, जो भी हमारे प्रियजनों का बचा हुआ है। सरकार की शुरुआती योजना 190 जीवित बचे लोगों और मौजूदा खोज एवं बचाव एजेंसियों को शामिल करते हुए एक व्यापक तलाश अभियान चलाने की थी। हालांकि सरकार ने संख्या कम करने का फैसला किया क्योंकि शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के घटनास्थल पर जाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था के कारण खोज के लिए आवंटित समय पूर्वाह्न 11 बजे तक सीमित कर दिया गया।

केरल के पर्यटन एवं लोकनिर्माण मंत्री और वायनाड में बचाव एवं राहत प्रयासों का समन्वय कर रही चार सदस्यीय कैबिनेट उप-समिति के सदस्य पी ए मुहम्मद रियास ने कहा कि रविवार को भी बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान जारी रहेगा, जिसमें राहत शिविरों में रह रहे अधिक से अधिक लोग भी शामिल होंगे। इस बीच, स्वयंसेवकों की एक टीम ने चालियार नदी के किनारे स्थित अत्यंत दुर्गम क्षेत्र सोचीपारा जलप्रपात से चार क्षत-विक्षत शव बरामद किए। इन शवों को सेना की हेलीकॉप्टर टीम की मदद से हवाई मार्ग से लाया जाएगा। पहाड़ी जिले में 30 जुलाई को हुए भीषण भूस्खलन में 226 लोगों की मौत हो गई थी और 130 से अधिक लोग लापता हैं।

## भूस्खलन प्रभावित वायनाड में रहस्यमयी आवाज से दहशत फैली

**वायनाड।** केरल के भूस्खलन प्रभावित वायनाड जिले में विभिन्न स्थानों पर शुक्रवार की सुबह लोगों ने जमीन के नीचे से तेज आवाज सुनने की सूचना दी, जिससे स्थानीय लोगों और अधिकारियों में दहशत फैल गई।

अधिकारियों ने बताया कि भूस्खलन प्रभावित आवासीय क्षेत्र से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अंबालावायल गांव और व्यथिरी तालुक के कुछ इलाकों में तेज ध्वनि सुनाई दी।

वायनाड जिलाधिकारी डी. आर. मेघश्री ने एक बयान में कहा, जिला प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने के लिए कदम उठाए हैं। केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (केएसडीएमए) ने कहा कि वह 'भूकंपीय रिकॉर्ड' की जांच कर रहा है और स्थानीय स्तर पर जांच कर स्थिति का पता लगाया जा रहा है। उसने कहा, ''अभी तक भूकंपीय रिकॉर्ड में हलचल का किसी प्रकार का संकेत नहीं मिला है।''

पंचायत वार्ड के एक सदस्य ने एक टीवी चैनल से कहा कि यह आवाज सुबह करीब 10:15 बजे सुनी गई। पहाड़ी जिले में हाल ही में हुए भीषण भूस्खलन में 226 लोगों की मौत और कई लोगों के लापता होने के तुरंत बाद जमीन के नीचे से उत्पन्न रहस्यमयी ध्वनि से स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। अधिकारियों ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों के विद्यालयों में अवकाश घोषित कर दिया गया है।

## प्रधानमंत्री मोदी आज वायनाड जाएंगे, समीक्षा बैठक की करेंगे अध्यक्षता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को भूस्खलन प्रभावित वायनाड का दौरा करेंगे और राहत तथा पुनर्वास कार्यों की समीक्षा करेंगे तथा हादसे में जीवित बचे लोगों से बातचीत करेंगे।

अधिकारियों ने बताया कि मोदी पूर्वाह्न करीब 11 बजे कन्नूर पहुंचेंगे और फिर वायनाड में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। उन्होंने बताया कि बचाव अभियान में शामिल दल उन्हें निकासी प्रयासों के बारे में जानकारी देंगे।

उन्होंने बताया कि वह राहत शिविर और अस्पताल जाएंगे, जहां वह पीड़ितों और भूस्खलन में जीवित बचे लोगों से मुलाकात करेंगे। मोदी इसके बाद एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें उन्हें घटना और जारी राहत प्रयासों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। केरल में 30 जुलाई को हुए भूस्खलन में कम से कम 226 लोगों की मौत हो गई थी। कई लोग अभी भी लापता हैं।

## केरल सरकार ने भूस्खलन प्रभावित परिवारों के लिए आपातकालीन वित्तीय सहायता की घोषणा की

**तिरुवनंतपुरम/ठाणे।** केरल सरकार ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह वायनाड जिले के मुंडक्कई और चूरलमाला गांवों में हाल ही में हुए भूस्खलन में अपने घर पूरी तरह से खो चुके लोगों को वित्तीय सहायता प्रदान करेगी, ताकि उन्हें एक नयी जगह पर स्थानांतरित करने में मदद मिल सके। वहीं, किसान संगठनों ने वायनाड भूस्खलन पीड़ितों की मदद के लिए केरल मुख्यमंत्री राहत कोष में एक करोड़ रुपये की राशि दान की है। केरल में मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि यह सहायता इन क्षेत्रों में आपदा से प्रभावित सभी लोगों को उपलब्ध होगी। बयान में कहा गया है कि सरकार उन परिवारों के वयस्कों को 300 रुपये का दैनिक भत्ता प्रदान करेगी, जिन्होंने आपदा के कारण अपनी आय का स्रोत खो दिया है।

बयान के अनुसार, यह लाभ प्रति परिवार दो सदस्यों तक सीमित होगा, उन मामलों को छोड़कर जहां परिवार का कोई सदस्य गंभीर रूप से बीमार है या अस्पताल में भर्ती है। उस स्थिति में लाभ तीन सदस्यों तक बढ़ाया जाएगा। यह सहायता अधिकतम 30 दिन के लिए प्रदान की जाएगी। फिलहाल शिविर में रह रहे प्रत्येक परिवार को 10 हजार रुपये की आपात वित्तीय मदद भी प्रदान की जाएगी।

सरकार उन लोगों के लिए सरकारी स्वामित्व वाली या सार्वजनिक स्वामित्व वाली संपत्तियों में आवास सुविधाएं प्रदान करने की संभावना भी तलाश रही है जिन्होंने आपदा में अपने घर खो दिए हैं। जिलाधिकारी को इस संबंध में एक रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है और रिपोर्ट मिलते ही सरकार किराया तय करेगी एवं तदनुसार सहायता प्रदान करेगी।

उधर, अखिल भारतीय किसान सभा (एआईकेएस) और केरल कृषक संघ(केकेएस) ने वायनाड भूस्खलन पीड़ितों की मदद के लिए केरल मुख्यमंत्री राहत कोष में एक करोड़ रुपये की राशि दान की है। ठाणे में एआईकेएस प्रमुख अशोक धावले ने कहा कि अखिल भारतीय किसान सभा और इसकी केरल इकाई ने बृहस्पतिवार को तिरुवनंतपुरम में मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को राहत राशि का चेक सौंपा। धावले ने कहा कि केकेएस ने 27 हजार से ज्यादा अपनी इकाइयों से यह राशि एकत्र की। उन्होंने बताया कि इससे पहले एआईकेएस ने अखिल भारतीय वायनाड राहत कोष में पांच लाख रुपये का योगदान दिया था।


भारत सरकार
कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वीं मंज़िल,
प्लाट झ-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी. मानेसर,
गुड़गाँव, हरियाणा - 122050.
ईमेल: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated
Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor,
Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

**प्रारूप संख्या एसटीके-6**
**सार्वजनिक सूचना**

कंपनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कंपनी (कंपनी रजिस्टर से कंपनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में

सार्वजनिक नोटिस : ROC/C-PCE/STK-2/248(2)/2024-25/621 दिनांक : 23/07/2024

**संदर्भ:**

1. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (23) कंपनियों के नाम कर्नाटक राज्य से हटाने के मामले में:

| S No. | Work Item | CIN | Hindi |
|---|---|---|---|
| 1 | AA9335218 | U70200KA2023PTC181814 | YEXAH एंबेडेड इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | AA9274836 | U74109KA2023PTC179645 | रयुगा डिज़ाइन प्राइवेट लिमिटेड |
| 3 | AA9222973 | U63999KA2023PTC178919 | DIY स्वास्थ्य और सुरक्षा प्राइवेट लिमिटेड |
| 4 | AA8482295 | U62099KA2023FTC175164 | कलेक्टिवाई टेक्नोलॉजीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 5 | AA8808335 | U47721KA2023PTC171212 | नोबल फॉरएवर प्राइवेट लिमिटेड |
| 6 | AA8710898 | U74999KA2022PTC169678 | जसून कंसल्टिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 7 | AA8688689 | U51909KA2022PTC160999 | एचआरवी टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड |
| 8 | AA9381750 | U74140KA2022PTC158482 | जिओनिटी मैनेजमेंट कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 9 | AA9294098 | U63031KA2022PTC160754 | विजिटरीज़ ट्रैवल सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड |
| 10 | AA9339931 | U72501KA2022PTC158239 | मेडप्रेड एआई प्राइवेट लिमिटेड |
| 11 | AA9143546 | U72900KA2021PTC155399 | टैंगो ऑरेंज नेटवर्किंग प्राइवेट लिमिटेड |
| 12 | AA9242555 | U17111KA1998PTC023374 | मुकेश फैशन प्राइवेट लिमिटेड |
| 13 | AA9151536 | U51909KA2022PTC166322 | दिशाह वेंचर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 14 | AA9259384 | U51909KA2021PTC148819 | डॉटलूट प्राइवेट लिमिटेड |
| 15 | AA9174339 | U72900KA2020PTC138917 | एचवाईपीपीआर रिटेल प्राइवेट लिमिटेड |
| 16 | AA9114970 | U28999KA2019PTC130946 | आरोही प्रीसाइज़ टेक प्राइवेट लिमिटेड |
| 17 | AA9332125 | U72900KA2020PTC131215 | लूनारपेन प्राइवेट लिमिटेड |
| 18 | AA8918680 | U51909KA2018OPC111785 | मल्टीटेक बेल्टिंग्स (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |
| 19 | AA9255048 | U74999KA2016PTC097957 | कापासीटीआर टेक कंट्रोल्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 20 | AA9325443 | U55103KA2007PTC043247 | क्लब इको हैबिटेट प्राइवेट लिमिटेड |
| 21 | AA8403820 | U45205KA2014PTC076604 | अमोस प्रॉपर्टीज़ प्राइवेट लिमिटेड |
| 22 | AA9204598 | U74900KA2013PTC071232 | क्वाड ग्लोबल कनेक्ट प्राइवेट लिमिटेड |
| 23 | AA9124834 | U72300KA2013PTC069150 | प्रोडिंटेल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड |
| 24 | AA9216760 | U93000KA2012PTC063795 | एएए एनालिसिस प्राइवेट लिमिटेड |

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कंपनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कंपनियों के नाम कंपनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कंपनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कंपनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कंपनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कंपनी ने निष्क्रिय कंपनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कंपनी के रूप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कंपनी रजिस्ट्रार से अपना / अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।

3. तदनुसार, कंपनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कंपनियों के नामों को कंपनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है।

4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कंपनी को कंपनी रजिस्ट्रार से कंपनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं।

हरिहर साहू
रजिस्ट्रार
प्रसंस्करण त्वरित कॉर्पोरेट निकास केंद्र

CBC 07123/11/0304/2425


### तमिलनाडु के सर्फर्स ने दिखाया दमखम

# रमेश बुधियाल ने कर्नाटक की उम्मीदों को दूसरे दिन जिंदा रखा

**कोवलम।** तमिलनाडु के सर्फर्स ने कोवलोंग क्लासिक 2024 के दूसरे दिन भी अपना दबदबा कायम रखा। यह प्रतियोगिता सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय सर्फिंग चैंपियनशिप का अंतिम चरण है। तीन दिवसीय इस सर्फिंग चैंपियनशिप के दूसरे दिन देशभर के शीर्ष सर्फर्स सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए कड़ी टक्कर देते नजर आए। तमिलनाडु के हरीश एम ने सुबह के राउंड 2 में अपनी कुशल तकनीक और कलात्मकता से निर्णायकों को प्रभावित किया और दिन का सबसे अधिक स्कोर 12.20 अंक अर्जित किया।

पुरुषों की ओपन कैटेगरी के क्वार्टर फाइनल में कुल 16 सर्फर्स ने सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई किया, जिसमें तमिलनाडु के शिवराज बाबू ने 11.66 अंकों के साथ बाजी मारी। पिछले वर्ष के कोवलोंग क्लासिक चैंपियन और मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन श्रीकांत डी 11.50 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि 8.40 अंकों के साथ रमेश बुधियाल कर्नाटक



की एकमात्र उम्मीद बने हुए हैं। तीन दिवसीय कोवलोंग क्लासिक 2024 का आयोजन तमिलनाडु सर्फिंग एसोसिएशन द्वारा सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में किया जा रहा है और इसे सर्फ टर्फ द्वारा होस्ट किया जा रहा है। इस इवेंट को तमिलनाडु सरकार और युवा कल्याण और खेल विकास मंत्रालय का भी समर्थन प्राप्त है।

दूसरे दिन की शुरुआत सुबह-सवेरे हुई, जिसमें पुरुषों की ओपन कैटेगरी के राउंड 2 के लिए क्वार्टर फाइनल स्लॉट की कड़ी टक्कर देखने को मिली। तमिलनाडु के हरीश एम दिन के स्टार साबित हुए, जिन्होंने अपनी कौशलपूर्ण तकनीक और कलात्मकता से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके शानदार प्रदर्शन ने उन्हें दिन का सबसे अधिक स्कोर 12.20 अंक दिलाया। तमिलनाडु के ही शिवराज बाबू ने भी शानदार प्रदर्शन किया और 11.17 अंकों के साथ क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। कोवलोंग क्लासिक के अंतिम दिन में पुरुषों की ओपन, महिलाओं की ओपन, ग्रोम्स 16 और अंडर बॉयज़ और ग्रोम्स 16 और अंडर गर्ल्स कैटेगरी के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले होंगे। दिन का अंत पुरस्कार वितरण समारोह के साथ होगा।



# आदिवासी विश्वविद्यालय आदिवासी समाज के विकास का प्रतीक : नागर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। विश्व आदिवासी दिवस पर कोटा के जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय में उर्जा मंत्री हीरालाल नागर के मुख्य आतिथ्य में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज, प्रदेश एवं राष्ट्र के विकास में आदिवासियों के योगदान को यादकर पौधारोपण किया गया एवं विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि यह गौरव की बात है कि विश्व का पहला आदिवासी विश्वविद्यालय कोटा में है और कोटा की स्थापना भी कोटिया भील द्वारा की गई है। उन्होंने कहा आदिवासी समाज के हर छोटे-बड़े व्यक्ति के सहयोग से इस विश्वविद्यालय का इतना भव्य निर्माण हुआ है जो इस बात का साक्षी है कि आज आदिवासी समाज भी समाज एवं विकास की मुख्य धारा से जुड़कर विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो भारत को 2047 तक विकसित होने का संकल्प लिया है वह इसी तरह पूर्ण होगा। उन्होंने कहा भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी आदिवासी समाज से हैं और यह समस्त भारत के लिए गर्व का विषय है।

उन्होंने कहा जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय के विकास में उनके द्वारा जो भी सहयोग संभव होगा वह करेंगे। उन्होंने कहा यह सब की जिम्मेदारी है कि सब अपनी क्षमता अनुसार सहयोग कर आदिवासियों के विकास में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा इस बार के बजट में आदिवासियों के विकास के लिए भी कई प्रावधान किए गए हैं जो उनको आत्मनिर्भर बनाएंगे।

नागर ने कहा कि विश्वविद्यालय में जो अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल संकुल बनाया जा रहा है वह समस्त हाड़ौती क्षेत्र, राजस्थान एवं पूरे भारत के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि वह पूर्ण प्रयास करेंगे की यहां के स्टेडियम का लोकार्पण राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू के कर कमलों द्वारा कराया जाए।

कार्यक्रम के अतिथि कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि भारत एवं राजस्थान में आदिवासियों का योगदान सराहनीय है। उन्होंने कहा जल, जंगल, ज़मीन, वन्यजीव, पहाड़ों की सुरक्षा में आदिवासियों का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने कहा जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर युवाओं को शिक्षा, सभ्यता संस्कृति के साथ विकास एवं समृद्धि पथ पर अग्रसर करेगा।

शाहाबाद से विधायक ललित मीणा ने कहां की यह विश्वविद्यालय आदिवासी समाज के लिए मिल का पत्थर साबित होगा क्योंकि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिससे सभ्यता, संस्कृति की सुरक्षा के साथ विकास का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। उन्होंने कहा वह अपने विधानसभा क्षेत्र में भी युवाओं को इस विश्वविद्यालय से शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

संभागीय आयुक्त श्रीमती उर्मिला राजोरिया ने सभी को आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा रोजगार परक कोर्स के माध्यम से आदिवासी युवाओं को राष्ट्र के विकास से जोड़ा जाए ताकि भारत का हर वर्ग, जाति, समूह विकसित हो सके। एसीईओ राजेश मीणा ने कहा इस विश्वविद्यालय का निर्माण बहुत उच्च मानकों पर किया गया है एवं वह दिन दूर नहीं जब इस विश्वविद्यालय से शिक्षा ग्रहण करने के लिए विश्व एवं भारत के हर कोने से छात्र आएंगे और इसमें शिक्षा ग्रहण करके गर्व महसूस करेंगे।

मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन आरडी मीणा ने बताया कि इस विश्वविद्यालय को सभी समाज एवं जनप्रतिनिधियों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ है और उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के हर कोर्स में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है ताकि इस विश्वविद्यालय से पास हुए सभी छात्र भविष्य में भारत एवं विश्व के विकास में अपना योगदान दे सकें।

कोटा की पूर्व जिला प्रमुख श्रीमती कमला मीणा ने कहा की यह विश्वविद्यालय मात्र आदिवासी समाज के लिए ही नहीं बल्कि हाड़ौती क्षेत्र के सभी छात्रों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यहां पर गुणवत्ता पूर्ण रोजगार परक कोर्स कराए जा रहे हैं जो भविष्य में आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सच साबित करेंगे।

## रिश्वत लेने के मामले में उद्योग केंद्र के मुख्य प्रबंधक सहित तीन गिरफ्तार

जयपुर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने रिश्वत लेने के मामले में शुक्रवार को जिला उद्योग केन्द्र टोंक के मुख्य प्रबंधक सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ब्यूरो की अलग-अलग टीम ने टोंक में जिला उद्योग केन्द्र के मुख्य प्रबंधक सुल्तान सिंह मीणा, बूंदी के जिला उद्योग केन्द्र के वरिष्ठ सहायक अजय खंडेलवाल को संदिग्ध तौर पर एक लाख रुपये की रिश्वत लेते-देते गिरफ्तार किया।

उन्होंने बताया कि यह लेनदेन आरोपी मीणा के आवास पर किया जा रहा था। इस मामले में संलिप्त आरोपी जयंत जैन (चार्टेड अकाउंटेंट) को भी पकड़ा गया है। महानिदेशक ने बताया कि ब्यूरो मुख्यालय को एक गोपनीय सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी मीणा द्वारा आरोपी खंडेलवाल के माध्यम से विभिन्न औद्योगिक विकास योजनाओं में गलत रिपोर्ट बनाने, गलत ऋण पास करने, फर्जी बिलों के आधार पर अयोग्य व्यक्तियों को अनुचित लाभ पहुंचाने की एवज में रिश्वत राशि का लेनदेन किया जा रहा है।



# दौसा, भरतपुर जिले में भारी बारिश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के कई हिस्सों में लगातार बारिश का दौर जारी है जहां बीते चौबीस घंटे की अवधि के दौरान दौसा और भरतपुर जिले में बेहद भारी बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग के जयपुर केंद्र के अनुसार शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे तक के पिछले 24 घंटे की अवधि के दौरान पश्चिमी राजस्थान में कहीं-कहीं तथा पूर्वी राजस्थान में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ बारिश हुई। इस दौरान राज्य के अलवर, जयपुर, बांसवाड़ा में भारी बारिश और दौसा तथा भरतपुर जिले में अति भारी बारिश हुई।

सबसे अधिक बारिश दौसा के महवा में 195 मिलीमीटर, भरतपुर के नदबई में 160 मिलीमीटर और दौसा के बैजपुरा में 123 मिलीमीटर हुई जो कि 'अति भारी बारिश' श्रेणी की है। जयपुर के विराटनगर में 114 मिलीमीटर, अलवर के थानागाजी में 106 मिलीमीटर, भरतपुर के बयाना में 113 मिलीमीटर और अलवर के मुंडावर में 63 मिलीमीटर बारिश हुई, जबकि कई अन्य जगहों पर 20 से लेकर 60 मिलीमीटर तक बारिश हुई।

मौसम केंद्र के अनुसार आगामी पांच से सात दिन पूर्वी राजस्थान के कई भागों में मेघगर्जन और बारिश जारी रहने की संभावना है। जोधपुर संभाग के कुछ भागों में नौ-अगस्त से बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

# राजस्थान में अब तक 365 मिलीमीटर से अधिक हो चुकी बरसात

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में मानसून की अच्छी बरसात का दौर जारी हैं और राजधानी जयपुर सहित विभिन्न स्थानों पर रुक रुक कर वर्षा हो रही हैं तथा अब तक प्रदेश में 365.49 मिलीमीटर औसत बरसात हो चुकी है जो सामान्य से 41.96 प्रतिशत अधिक हैं। इससे अब तक 12 जिलों में असामान्य वर्षा हो चुकी हैं तथा 25 जिलों में सामान्य से अधिक एवं 11 जिलों में सामान्य बरसात हुई हैं। इससे प्रदेश में किसानों के चेहरे खिले हुए हैं। हालंकि अभी दो जिलों डूंगरपुर एवं प्रतापढ़ में बरसात की कमी बनी हुई हैं।

जल संसाधन विभाग के अनुसार राज्य में गत एक जून से नौ अगस्त तक अनुमानित औसत सामान्य वर्षा 257.45 मिलीमीटर की तुलना में अब तक 365.49 मिलीमीटर बरसात हो चुकी है जो सामान्य से 41.96 प्रतिशत अधिक हैं। राज्य में अब तक 12 जिलों अजमेर, ब्यावर, भरतपुर, बीकानेर, चुरु, डीग, धौलपुर, दूदू, जैसलमेर, केकड़ी, फलौदी एवं टोंक में असामान्य वर्षा हो चुकी है तथा 25 जिलों में अलवर, अनूपगढ, बालोतरा, बाड़मेर, बूंदी, दौसा, डीडवाना-कुचामन, गंगानगर, गंगापुरसिटी, हनुमानगढ़, जयपुर ग्रामीण, झंझुनूं, जोधपुर, जोधपुर ग्रामीण, करौली, खेरथल-तिजारा, कोटा, कोटपुतली-बहरोड़, नागौर, नीमकाथाना, पाली, राजसमंद, सवाईमाधोपुर, शाहपुरा एवं सीकर में सामान्य से अधिक जबकि 11 जिलों बांसवाड़ा, बारां, भीलवाड़ा , चित्तौड़गढ, जयपुर, जालोर, झालावाड़, सलूंबर, सांचोर, सिरोही एवं उदयपुर में सामान्य बारिश हुई हैं।

इस दौरान जोधपुर एवं अजमेर संभाग में अब तक असामान्य वर्षा हो चुकी हैं जबकि भरतपुर, बीकानेर, जयपुर, सीकर एवं उदयपुर संभाग में अब तक सामान्य से अधिक बरसात हुई हैं जबकि केवल बांसवाड़ा संभाग ऐसा हैं जहां बरसात की कमी बनी हुई हैं हालांकि इसके बांसवाड़ा जिले में सामान्य वर्षा हो चुकी हैं लेकिन डूंगरपुर एवं प्रतापगढ़ में अभी बरसात की कमी है।

जोधपुर संभाग में इस दौरान औसत वर्षा 139.65 मिलीमीटर की तुलना में अब तक 271.20 मिलीमीटर बरसात हुई जो सामान्य से 94.21 प्रतिशत अधिक हैं।

संभाग के फलौदी और जैसलमेर जिले में असामान्य जबकि बालोतरा, बाड़मेर, जोधपुर एवं जोधपुर ग्रामीण में सामान्य से अधिक वर्षा दर्ज की गई हैं। इसी तरह अजमेर संभाग में सामान्य वर्षा 280.61 मिलीमीटर की जगह 470.21 मिलीमीटर बरसात हो चुकी है जो सामान्य से 67.56 प्रतिशत अधिक हैं। इस संभाग के अजमेर, ब्यावर, केकड़ी एवं टोंक जिले में असामान्य एवं डीडवाना-कुचामन, नागौर एवं शाहपुरा में सामान्य से अधिक वर्षा हुई हैं।

इस बार बरसात के मौसम में एक दिन में सर्वाधिक 328 मिलीमीटर वर्षा पाली जिले के हेमावास में गत छह अगस्त को दर्ज की गई हैं। इस बार मानसून की अच्छी बरसात के कारण राज्य के छोटे बड़े सभी बांधों का जल स्तर उनकी भराव क्षमता 12900. 82 एमक्यूएम के मुकाबले 6811. 77 एमक्यूएम पहुंच गया है जो भराव क्षमता का 52.80 प्रतिशत हैं। प्रदेश में छोटे बड़े 691 बांधों में अब तक 118 लबालब हो चुके है तथा 384 आंशिक रुप से भरे हुए जबकि 189 बांध अभी भी रिक्त हैं।

राजधारी जयपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों को पेयजल आपूर्ति करने वाले टोंक जिले में स्थित बिसलपुर बांध में उनकी भराव क्षमता 315. 50 के मुकाबले 311. 90 आरएल मीटर जल स्तर हैं जो 44.68 प्रतिशत हैं। इसमें शुक्रवार को 0.10 आरएल मीटर पानी आया।

## गेल, राजस्थान सरकार की इकाई मिलकर एक गीगावाट की बिजली परियोजनाएं स्थापित करेंगी

नयी दिल्ली/जयपुर। सार्वजनिक क्षेत्र की गेल (इंडिया) लिमिटेड और राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरआरवीयूएनएल) ने बृहस्पतिवार को राज्य में एक गीगावाट की सौर एवं पवन परियोजनाएं स्थापित करने के समझौते पर हस्ताक्षर किए। दोनों पक्षों ने गैस-आधारित बिजली संयंत्रों का संयुक्त रूप से संचालन करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर भी किए। गेल ने एक बयान में कहा कि दोनों पक्षों के बीच यहां एक गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

बयान के मुताबिक, राजस्थान में गैस-आधारित बिजली संयंत्रों के संचालन के लिए आरआरवीयूएनएल और गेल मिलकर धौलपुर और रामगढ़ में स्थित आरआरवीयूएनएल के गैस आधारित बिजली संयंत्र को संचालित करने की संभावनाएं तलाशेंगे। इन संयंत्रों को दोनों पक्षों के बीच प्रस्तावित संयुक्त उद्यम कंपनी को हस्तांतरित किया जा सकता है।

बयान में निवेश और अन्य विवरण दिए बगैर कहा गया कि दोनों पक्ष लगभग 1,000 मेगावाट की सौर और पवन परियोजनाएं स्थापित करने की दिशा में मिलकर काम करेंगे। संयुक्त उद्यम कंपनी बनाने से पहले परियोजनाओं की तकनीकी-व्यावसायिक व्यवहार्यता पता लगाने के लिए विस्तृत अध्ययन किया जाएगा।

# चांदीपुरा वायरस ने ली मासूम की जान, मेडिकल प्रोटोकॉल के तहत किया अंतिम संस्कार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

शाहपुरा। 6 अगस्त को अहमदाबाद में इलाज के दौरान दो साल की मासूम बच्ची के चांदीपुरा वायरस से संक्रमण की पुष्टि होने के बाद कल रात बच्ची ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद इटड़िया में आज भी मेडिकल टीम ने घर-घर जाकर सर्वे किया, जिसमें बुखार के तीन रोगी तथा पेट दर्द के तीन रोगी पाए गए, जिन्हें उपचार दे दिया गया। ग्राम पंचायत की ओर से गांव में सफाई अभियान प्रांरभ किया गया है। जिला कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि इटड़िया की इशिका पुत्री हेमराज कीर को उपचार के लिए अहमदाबाद ले जाया गया था, जहां परीक्षण में चांदीपुरा वायरस से संक्रमित पाए जाने की सूचना मिलने पर गांव में अलर्ट जारी कर मेडिकल टीम को भेज घर-घर सर्वे शुरू करा दिया था। गांव में सभी का स्वास्थ्य परीक्षण करा लिया गया है, किसी के भी बीमार होने की सूचना नहीं है।

शाहपुरा सीएमएचओ डॉ. वीडी मीणा ने बताया कि आज मृतका का शव पहुंचने पर कोरोना गाइड लाइन के अनुसार पीपीई कीट देकर परिवारजनों की सहमति से मेडिकल प्रोटोकॉल के तहत बच्ची का अंतिम संस्कार कर दिया गया। गांव में 302 परिवारों में सभी का परीक्षण कर लिया गया है और अगले सात दिन तक नियमित परीक्षण करने की व्यवस्था प्रारंभ की है। मेडिकल टीम ने वायरस से पीड़िता के परिवार में दो बच्चों के सेंपल लेकर आज उदयपुर भिजवाये हैं, उनकी रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई होगी। अभी उनका स्वास्थ्य ठीक है। परिवार के सभी लोगों को क्वारंटीन रहने के निर्देश दिए गए हैं। उपखंड अधिकारी राजकेश मीणा ने बताया कि अंतिम संस्कार के बाद परिवारजनों व ग्रामीणों को हिदायत दी है कि किसी के भी बुखार या अन्य रोग सामने आने पर तुरंत प्रशासन व मेडिकल टीम को सूचना दें। गांव में फोगिंग का कार्य शुरू करा दिया गया है। कीटनाशक का छिड़काव भी कराया जा रहा है।

### मुलाकात



राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे से शुक्रवार को राजभवन में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, मुख्य सूचना आयुक्त एम.एल. लाठर, सूचना आयुक्त सुरेश चंद्र गुप्ता, महेंद्र कुमार पारख और टीकाराम शर्मा ने मुलाकात की। राज्यपाल बागडे से इन सबकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

## बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा के लिये हर संभव कदम उठाए केंद्र सरकार : विहिप

जयपुर। विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) की राजस्थान इकाई के मंत्री सुरेश उपाध्याय ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं की हालात पर चिंता व्यक्त करते हुए शुक्रवार को केंद्र सरकार से पड़ोसी मुल्क में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिये हर संभव कदम उठाने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि विश्व समुदाय की यह जिम्मेदारी है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा व उनके मानवाधिकारों की रक्षा के लिये प्रभावी कार्रवाई करें। उपाध्याय ने कहा कि निश्चित ही भारत इस परिस्थिति में आंखें मूंद कर नहीं रह सकता। भारत ने परंपरा से ही विश्व भर के उत्पीड़ित विस्थापितों की सहायता की है। उन्होंने सुरक्षा बलों से सीमा पर कड़ी चौकसी बरतने और किसी भी तरह के अतिक्रमण को न होने देने की आग्रह कियिा।

उपाध्याय ने कहा, बांग्लादेश में पिछले दिनों से हिन्दू अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और घरों को नुकसान पहुंचाया गया है। बांग्लादेश के हर जिले में इस तरह की घटनाओं की सूचनाएं मिली हैं। कट्टरपंथियों के निशाने से शमशान तक नहीं बचे है। उन्होंने कहा कि मंदिरों को भारी क्षति पहुंचाई गयी है।

विहिप नेता ने कहा कि समय-समय पर निरंतर अंतराल पर होने वाले ऐसे दंगों का ही परिणाम है कि बांग्लादेश में हिंदू जो विभाजन के समय 32 प्रतिशत थे अब आठ प्रतिशत से भी कम बचे है और वे लगातार जिहादी उत्पीड़न के शिकार है।

उन्होंने कहा कि हमारी कामना है कि बांग्लादेश में शीघ्रताशीघ्र लोकतंत्र व धर्मनिरपेक्ष सरकार पुन: स्थापित हो और वहां के अल्पसंख्यक समाज को मानवाधिकार मिले और बांग्लादेश की आर्थिक प्रगति में कोई बाधा न आये।



# सांवलिया सेठ मंदिर खजाने का आंकड़ा पहुंचा करोड़ों रुपये पार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चित्तौड़गढ़। चित्तौड़गढ़ जिले के मंडफिया कस्बे में स्थित प्रसिद्ध कृष्णधाम सांवलिया जी मंदिर में चतुर्दशी के अवसर पर खोले भंडार से निकली चढ़ावा राशि की गणना चौथे चरण में भी पूरी नहीं हो पाई है। पांचवे चरण में भंडार से निकले सिक्कों की गणना शेष है। वहीं, भंडार और भेंट कक्ष में 18 करोड़ से ज्यादा की चढ़ावा राशि की गणना हो चुकी है। इसके अलावा सोने और चांदी के आभूषण भी निकले हैं। 18 करोड़ में से 14 करोड़ दो लाख 86 हजार रुपये की राशि भंडार से तथा शेष भेंट कक्ष व ऑनलाइन प्राप्त हुई है। जानकारी के अनुसार, गत दिनों शनिवार को कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को भगवान सांवलिया सेठ के दो दिवसीय मासिक मेले के पहले दिन वर्षों पुरानी परम्परा के अनुसार राजभोग आरती के बाद का भंडार खोला गया था। शनिवार को पहले चरण की गणना में ठाकुरजी के भंडार से छह करोड़ 11 लाख रुपये की गणना हुई। पहले चरण की गणना में से शेष बची राशि की गणना मंगलवार को दूसरे चरण के रूप में की गई। इसमें भंडार से चार करोड़ 20 लाख 45 हजार रुपये की राशि प्राप्त हुई।

बुधवार को तीसरे चरण में तीन करोड़ सात लाख रुपये की राशि प्राप्त हुई थी। वहीं, चौथे चरण की गणना गुरुवार को हुई। इसमें 64 लाख 41 हजार रुपये की राशि प्राप्त हुई। चार ही चरणों की गणना में भंडार से अब तक कुल 14 करोड़ दो लाख 86 हजार रुपये की राशि प्राप्त हुई। चौथे चरण की गणना करने के बाद भी भंडार से प्राप्त सम्पूर्ण राशि की गणना नहीं हो पाई।

सिक्कों की गणना करना शेष रहा, जो शुक्रवार को होगा। साथ ही भंडार से 565 ग्राम सोना तथा 34 किलो 820 ग्राम चांदी भी प्राप्त हुई। इधर, सांवलियाजी मंदिर मंडल के भेंट कक्ष कार्यालय में नगद व मनी आर्डर के रूप में चार करोड़ आठ लाख 53 हजार 228 रुपये की राशि प्राप्त हुई। साथ ही भेंट कक्ष कार्यालय में 21 ग्राम 915 मिलीग्राम सोना तथा 322 किलो 955 ग्राम 500 मिलीग्राम चांदी भेंट स्वरूप प्राप्त हुई।

गुरुवार को चौथे चरण की गणना करने के दौरान सांवलियाजी मंदिर मंडल बोर्ड के अध्यक्ष भैरुलाल गुर्जर, सदस्य संजय कुमार मण्डोवरा, अशोक कुमार शर्मा, ममतेश शर्मा, शम्भू सुथार, नायब तहसीलदार व प्रशासनिक अधिकारी प्रथम घनश्याम जरवाल, लेखाधिकारी राघव शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी द्वितीय नन्दकिशोर टेलर सहित मंदिर मंडल तथा क्षेत्रीय बैंकों के कर्मचारी मौजूद रहे।

# विधि एवं न्याय मंत्री ने सर्किट हाउस में की जनसुनवाई

जयपुर/दक्षिण भारत । संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने शुक्रवार को जोधपुर सर्किट हाउस में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिये। उन्होंने की परिवेदनाओं को गंभीरता से सुनकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन की परिवेदनाओं पर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कर राहत प्रदान करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को सुचारू रूप संपादित करें और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

इस दौरान पटेल ने जोधपुर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए आमजन की समस्याओं को सुना और विश्वास दिलाया की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। जनसुनवाई में वर्षा से हुए नुकसान, शिक्षा, सड़क,चिकित्सा, विद्युत,पेयजल सहित अन्य आमजन से संबंधित समस्याओं पर सुनवाई की। पटेल ने कहा कि राज्य सरकार अंत्योदय के लक्ष्य के साथ जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम समाज के सभी वर्गों के उत्थान एवं प्रगति के लिए निरंतर कार्य कर रही है। अंतिम व्यक्ति तक लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पंहुचे, इस उद्देश्य से जनसुनवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार प्रदेश में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य के समावेशी विकास के लिए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कृत संकल्पित होकर कार्य कर रही है।

# उच्चतम न्यायालय ने मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद परिसर के सर्वेक्षण पर रोक नवंबर तक बढ़ाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश के क्रियान्वयन पर अपनी रोक नवंबर तक बढ़ा दी, जिसमें मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे शाही ईदगाह मस्जिद परिसर की अदालत की निगरानी में सर्वेक्षण करने की अनुमति दी गई थी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने उच्च न्यायालय के 14 दिसंबर, 2023 के आदेश के क्रियान्वयन पर शीर्ष अदालत द्वारा 16 जनवरी को लगाई गई रोक को जारी रखने का आदेश दिया।

उच्च न्यायालय ने शाही ईदगाह मस्जिद परिसर की न्यायालय की निगरानी में सर्वेक्षण की अनुमति दे दी थी तथा इसकी निगरानी के लिए न्यायालय आयुक्त की नियुक्ति पर सहमति व्यक्त की थी।

हिंदू पक्ष का दावा है कि परिसर में ऐसे चिह्न मौजूद हैं जिनसे पता चलता है कि वहां कभी मंदिर था।

सुनवाई के दौरान हिंदू पक्षकारों की ओर से पेश हुए अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा कि उच्च न्यायालय के पिछले साल 14 दिसंबर के आदेश और मामले में संबंधित आदेशों के खिलाफ शाही मस्जिद ईदगाह प्रबंधन ट्रस्ट समिति की अपील निष्फल हो गई है। उन्होंने कहा, ये सभी याचिकाएं निरर्थक हो गई हैं, क्योंकि उच्च न्यायालय ने एक अगस्त को अपना आदेश सुना दिया है।

जैन ने उच्च न्यायालय के एक अगस्त के आदेश का हवाला दिया, जिसमें उसने मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से संबंधित 18 मामलों की विचारणीयता को चुनौती देने वाली मुस्लिम पक्षकारों की याचिका को खारिज कर दिया था और फैसला सुनाया था कि मस्जिद के धार्मिक चरित्र को निर्धारित करने की आवश्यकता है।

# मोहन भागवत ने जगन्नाथ मंदिर को दौरा किया, पुरी के शंकराचार्य से की मुलाकात

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पुरी (ओडिशा)/भाषा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को जगन्नाथ मंदिर में पूजा अर्चना की।

सेवादारों के अनुसार, आरएसएस प्रमुख ने मंदिर के अंदर करीब आधा घंटा बिताया और पुजारियों से बातचीत की। सिंह द्वार पर मंदिर प्रशासन के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

भागवत ने बाद में गोवर्धन पीठ में पुरी के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती से मुलाकात की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। हालांकि, उनकी चर्चा के विषयों के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई। तय कार्यक्रम के अनुसार, भागवत 10 और 11 अगस्त को आरएसएस की प्रांत सेवा प्रमुख बैठक में शामिल होंगे और संगठन की गतिविधियों और इसकी आगामी योजनाओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे। वह सोमवार तक पुरी में रहेंगे। सूत्रों ने बताया कि बृहस्पतिवार देर रात मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और उपमुख्यमंत्री केवी सिंहदेव और प्रवाती परीदा ने उत्कल बिपन्न सहायता समिति (यूबीएसएस) कार्यालय में मोहन भागवत से मुलाकात की। भागवत ने यहीं रात्रि विश्राम किया था।

# धनखड़ का रवैया पक्षपातपूर्ण, नेता प्रतिपक्ष का माइक बंद कर दिया जाता है: कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ का रवैया पक्षपातपूर्ण दिखाई देता है तथा हालत यह है कि नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को बोलने नहीं दिया जाता तथा उनका माइक बंद कर दिया जाता है।

सदन में पार्टी के उप नेता प्रमोद तिवारी ने यह भी कहा कि सदन के भीतर सरकार की तरफ से (विपक्ष के आचरण के खिलाफ) निंदा प्रस्ताव लाया जाना इस बात का प्रमाण है कि मोदी सरकार का रवैया तानाशाही भरा है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद घनश्याम तिवाड़ी की खरगे के बारे में की गई टिप्पणी का उल्लेख करते हुए संवाददाताओं से कहा, ''भाजपा के सदस्य घनश्याम तिवाड़ी ने नेता प्रतिपक्ष के लिए जिन शब्दों का चयन किया, वो अच्छे नहीं थे। ना भाव-भंगिमा अच्छी थी और ना ही टोन अच्छी थी। यह अपमानजनक और अस्वीकार्य है। इस पर नेता प्रतिपक्ष द्वारा एक विशेषाधिकार हनन नोटिस दिया गया था।''

उनका कहना था, ''इस मामले में कहा गया कि तिवाड़ी ने चैंबर में कहा था कि जो कुछ गलत हुआ, उसके लिए माफी मांगने को तैयार हूं। हम यह चाहते थे कि तिवाड़ी जी यही बात सदन में कह दें। जया बच्चन जी द्वारा मुद्दा उठाने के बाद सरकार द्वारा निंदा प्रस्ताव लाया गया। उन्होंने कहा, ''हम लोकतांत्रिक तरीके से जनता की आवाज उठाते रहेंगे, लेकिन सरकार जो निंदा प्रस्ताव लाई है, वो दिखाता है कि इनका रवैया तानाशाही भरा है।''

राज्यसभा में शुक्रवार को समाजवादी पार्टी की सदस्य जया बच्चन ने सभापति जगदीप धनखड़ के बोलने के लहजे पर आपत्ति जताई जिसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया। सभापति ने विपक्ष को मर्यादित आचरण करने के लिए कहा। वहीं, विपक्षी सदस्यों ने अपनी बात रखने की अनुमति नहीं देने का आरोप लगाते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया। प्रमोद तिवारी ने कहा, ''ये संसदीय परंपरा है कि सदन के अंदर नेता प्रतिपक्ष और नेता सदन को अपनी बात रखने को लेकर प्राथमिकता मिलती है। लेकिन काफी दिनों से ऐसा हो रहा है कि नेता प्रतिपक्ष को बोलने की अनुमति नहीं मिलती। उनका माइक बंद कर दिया जाता है।'' उनका कहना था, ''अगर हम देश की जनता के अधिकारों की आवाज सदन में नहीं उठा सकते तो यह लोकतंत्र का हनन है।'' कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय माकन ने कहा, ''आज राज्यसभा में जो भी हुआ, वह अप्रत्याशित था। तमाम विपक्षी पार्टियों को लगा कि सभापति महोदय का रवैया पक्षपातपूर्ण है। राज्यसभा एक मापदंड तय करता है कि सभी सदनों को किस तरह से चलाया जाए। ऐसे में वहां पर सभापति जी को किसी भी पक्ष का साथ नहीं देना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि अगर सदन के अंदर विपक्ष की आवाज नहीं गूंजेगी तो लोकतंत्र कैसे चलेगा।

# खरगे, महिला सदस्यों को अपमानित किया जाना अस्वीकार्य: प्रियंका

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने शुक्रवार को कहा कि राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और वरिष्ठ महिला सदस्यों को अपमानित किया जाना पूरी तरह से अस्वीकार्य है। उन्होंने यह टिप्पणी उस वक्त की है, जब राज्यसभा में शुक्रवार को समाजवादी पार्टी की सदस्य जया बच्चन द्वारा सभापति जगदीप धनखड़ के बोलने के लहजे पर आपत्ति जताए जाने के बाद आसन और विपक्ष के बीच टकराव देखने को मिला।

कांग्रेस का आरोप है कि सदन में खरगे का माइक बंद कर दिया जाता है।

प्रियंका गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी लोकतंत्र की बुलंद आवाज हैं। उन्हें संसदीय राजनीति का 50 साल लंबा अनुभव है। संसद के भीतर उनको अपमानित करना, उन्हें बोलने न देना, माइक बंद कर देना और सत्ता में बैठे लोगों द्वारा वरिष्ठ महिला सदस्यों को अपमानित करना पूरी तरह से अस्वीकार्य है।'' उन्होंने कहा कि देश की संसद इस बात का गवाह रही है कि विपक्षी सदस्यों की संख्या चाहे जितनी हो, उनकी बात सुनी जाती थी।

प्रियंका गांधी ने कहा, ''राममनोहर लोहिया जी की तीखी बहसें और उन्हें सुनने के लिए पंडित नेहरू जी के धैर्य की आज भी मिसाल दी जाती है। आज संसद में जो हो रहा है, आजाद भारत के इतिहास में न तो ऐसा कभी हुआ है, न देश की जनता इसे स्वीकार करेगी।''

## 'भारत छोड़ो आंदोलन' वास्तव में हमारे स्वतंत्रता संग्राम का ऐतिहासिक क्षण था: प्रधानमंत्री मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'भारत छोड़ो आंदोलन' में भाग लेने वालों को शुक्रवार को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि यह वास्तव में हमारे स्वतंत्रता संग्राम में एक ऐतिहासिक क्षण था। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में देश में भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत हुई और इस आंदोलन ने अंग्रेजों से आजादी दिलाने में अहम भूमिका निभाई। आंदोलन शुरू होने के पांच वर्ष बाद 15 अगस्त 1947 को देश आजाद हुआ था। मोदी ने भारत छोड़ो आंदोलन की 82वीं वर्षगांठ पर 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''बापू के नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि। यह वास्तव में हमारे स्वतंत्रता संग्राम में एक ऐतिहासिक क्षण था।''

# भारतीय युवा दूसरे देश में जान जोखिम में डालने को मजबूर, यह राष्ट्रीय त्रासदी: कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांगेस ने रूस की सेना में कई भारतीय नागरिकों के शामिल होने को लेकर शुक्रवार को आरोप लगाया कि रोजगार के अवसर पैदा करने में सरकार की नाकामी के कारण युवा दूसरे देश के लिए अपनी जान जोखिम में डालने को मजबूर हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि ऐसा होना राष्ट्रीय त्रासदी है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि सरकार रूसी सेना में भर्ती 69 भारतीय नागरिकों के सेवा से बाहर निकलने का इंतजार कर रही है और कई मामलों में ऐसे संकेत मिले हैं कि भारतीय नागरिकों को गुमराह किया गया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस मामले को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के समक्ष उठाया था। उन्होंने सदन में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए यह भी कहा कि सरकार ने रूसी सेना में भारतीय नागरिकों की भर्ती और दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में नागरिकों की साइबर अपराध तस्करी के मुद्दों को गंभीरता से लिया है। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''घर में बढ़ती बेरोज़गारी और निराशा के माहौल से हताश होकर भारत के कम से कम 87 युवा उसी युद्ध में रूस की सेना में शामिल हो गए हैं, जिसके बारे में कहा गया था कि प्रधानमंत्री ने रुकवा दिया है।

# ओडिशा में महानदी का जलस्तर बढ़ने पर 10 जिलों के लिए अलर्ट जारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के विशेष राहत आयुक्त (एसआरसी) सत्यब्रत साहू ने शुक्रवार को हीराकुंड बांध से पानी छोड़े जाने पर महानदी के जलस्तर में बढ़ोतरी के कारण 10 जिलों के जिला अधिकारियों को एहतियाती तौर पर सतर्क रहने के लिए कहा है। जिन जिलों के लिए अलर्ट जारी किया गया है उनमें संबलपुर, सोनेपुर, नयागढ़, अंगुल, बौध, पुरी, कटक, जगतसिंहपुर और केंद्रपाड़ा शामिल हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार सुबह आठ बजे मुंडाली के पास महानदी में कुल 5.78 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया और वर्तमान में बांध के 14 द्वार खोल दिए गए है।

जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता भक्त रंजन मोहंती ने बताया कि कुछ नदियां का जलस्तर बढ़ने के बाद भी किसी क्षेत्र में बाढ़ की आशंका नहीं है। लेकिन कई खबरों में कहा गया है कि कटक और खुर्दा जिले के कुछ निचले इलाकों में बाढ़ का पानी पहले ही प्रवेश कर चुका है।

## उत्तर प्रदेश के बरेली में महिलाओं की सिलसिलेवार हत्या करने वाला 'साइको किलर' गिरफ्तार

**बरेली/भाषा।** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में महिलाओं की सिलसिलेवार हत्या करने वाले एक 'साइको किलर' को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी ने छह महिलाओं की हत्या करने के अपने गुनाह को भी कबूल लिया। बरेली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अनुराग आर्य ने शुक्रवार को संवाददाताओं को बताया कि पुलिस ने तीन दिन पहले ही तीन स्केच जारी किये थे और उससे मिलते-जुलते एक व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि आरोपी को पकड़ने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपए का ईनाम देने की घोषणा की गयी है। अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बाकरगंज सानुआ निवासी कुलदीप (35) के रूप में हुई है।

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की स्थिति पर विपक्ष की चुप्पी 'दुर्भाग्यपूर्ण': ठाकुर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसदों ने शुक्रवार को विपक्षी दलों की आलोचना करते हुए लोकसभा में कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की स्थिति पर उनकी (विपक्ष की) चुप्पी दुर्भाग्यपूर्ण है।

लोकसभा में शून्यकाल के दौरान भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को यह कहते हुए घेरने की कोशिश की कि नेता प्रतिपक्ष ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के बारे में (कुछ) नहीं बोला है। उन्होंने कहा, ''जब बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कार्यभार संभाला, तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें बधाई दी, लेकिन साथ ही उन्होंने उनसे अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी कहा।'' ठाकुर ने कहा, ''यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि नेता प्रतिपक्ष ने अंतरिम सरकार (बांग्लादेश की) को बधाई दी, लेकिन हिंदुओं और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का जिक्र नहीं किया।'' उन्होंने कहा, ''(आखिर) क्या मजबूरी थी? आपने गाजा के बारे में बात की, लेकिन बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के बारे में नहीं।'' नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस ने बृहस्पतिवार को शेख हसीना की जगह बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में शपथ ली। ओडिशा के ढेंकनाल से भाजपा सांसद रुद्र नारायण पाणि ने भी बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों पर हमले का मुद्दा उठाते हुए कहा कि भारत सरकार को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप करना चाहिए। पाणि ने कहा, ''बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों पर हमला किया गया है और जो तस्वीरें सामने आई हैं, उनमें भगवान जगन्नाथ की मूर्ति पर हमला किया गया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण, निंदनीय और दर्दनाक है...।''

## बंगाल: बीएसएफ ने हजारों बांग्लादेशियों की घुसपैठ की कोशिश को नाकाम किया

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले के सीतलकूची में बाड़युक्त सीमावर्ती क्षेत्र में शुक्रवार सुबह उस समय तनाव पैदा हो गया जब लगभग एक हजार घबराए हुए बांग्लादेशी नागरिक भारत में घुसने और शरण लेने की कोशिश में बाड़ के दूसरी ओर एकत्र हो गए।

हालांकि, सीमा पर कड़ी निगरानी रखने वाले सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने इस प्रयास को विफल कर दिया। सीमा सुरक्षा बल ने पुष्टि की है कि बाद में बॉर्डर गार्ड्स बांग्लादेश (बीजीबी) के जवानों ने बांग्लादेशियों को वहां से हटा दिया। भीड़ में कथित तौर पर ज्यादातर बांग्लादेशी हिंदू शामिल थे। वे बांग्लादेश के लालमोनिरहाट जिले के गेंडुगुरी और दोइखवा गांवों में एक जलाशय के किनारे बाड़ से लगभग 400 मीटर दूर एकत्र हुए थे। पठानटुली गांव में बीएसएफ की 157 बटालियन की भारी तैनाती तथा वाहनों और पैदल यात्रियों पर निगरानी रखने के कारण विदेशियों की घुसपैठ की कोशिश सफल नहीं हो पाई।

बांग्लादेशी लोग भारत में प्रवेश की मांग के लिए नारे लगा रहे थे। घटना के बारे में पूछे जाने पर बीएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि की कि बड़ी संख्या में बांग्लादेशी सीमा पर एकत्र हुए थे जिन्हें बाद में बीजीबी वापस ले गयी।

अधिकारी ने बताया, बांग्लादेशी सीमा पर एकत्र हुए थे, लेकिन कोई भी देश में प्रवेश नहीं कर सका क्योंकि सीमा पूरी तरह से सील थी। बाद में उन्हें बीजीबी द्वारा उनके देश में वापस ले जाया गया। इसके बाद बीएसएफ के गुवाहाटी फ्रंटियर द्वारा जारी एक बयान में इस घटनाक्रम को एक नई सीमा चुनौती बताया गया।

# विनेश रजत पदक की हकदार : तेंदुलकर



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने पेरिस ओलंपिक में महिला 50 किग्रा कुश्ती स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने के बाद अधिक वजन के कारण विनेश फोगाट को अयोग्य करार देने की आलोचना करते हुए इस पहलवान को रजत पदक का हकदार बताया।

विनेश को पेरिस ओलंपिक में 50 किग्रा वर्ग की स्पर्धा के स्वर्ण पदक मुकाबले से पहले वजन मापने के दौरान 100 ग्राम अधिक पाया गया जिससे उन्हें अयोग्य करार दिया गया। विनश ने इस फैसले के खिलाफ खेल पंचाट का दरवाजा खटखटाया है। तेंदुलकर ने कहा कि खेलों में नियमों पर समय-समय पर गौर किया जाना चाहिये। उन्होंने शुक्रवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''हर खेल के कुछ नियम होते हैं और उन नियमों को संदर्भ में देखने की जरूरत है, शायद कभी-कभी उन पर दोबारा गौर भी किया जाना चाहिये।'' उन्होंने लिखा, '' विनेश फोगाट ने निष्पक्षता से फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। वजन के आधार पर उसकी अयोग्यता फाइनल से पहले हुई थी और ऐसे में उससे रजत पदक छीन लिया जाना तर्क और खेल की समझ से परे है।''

मास्टर ब्लास्टर ने कहा कि अगर खिलाड़ी अनैतिक चीजों का इस्तेमाल करे तो उसे अयोग्य करना जायज है लेकिन विनेश के मामले में ऐसा नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, ''यह समझ में आता अगर किसी एथलीट को प्रदर्शन बढ़ाने वाली दवाओं के उपयोग जैसे नैतिक उल्लंघनों के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाता। उस स्थिति में, किसी भी पदक से सम्मानित न किया जाना और अंतिम स्थान पर रखा जाना उचित होगा। '' उन्होंने कहा, ''विनेश ने शीर्ष दो में पहुंचने के लिए अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराया। वह निश्चित रूप से रजत पदक की हकदार है।''




## आदिवासियों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध: ममता

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी समुदाय के लोगों को बधाई दी और कहा कि राज्य सरकार उनके समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। बनर्जी इस अवसर पर झारग्राम जिले में एक कार्यक्रम में शिरकत करेंगी।

बनर्जी ने सोशल मीडिया के मंच 'एक्स' पर लिखा, ''आज विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सभी आदिवासियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।'' उन्होंने कहा, ''बांग्ला में हम इस दिन को 'आदिवासी दिवस' के रूप में मनाते हैं। इस दिन हम अपने समाज और पर्यावरण के लिए अपने आदिवासी भाइयों के अमूल्य योगदान का सम्मान करते हैं और पूरे राज्य में उनकी जीवंत परंपराओं, कला और विरासत का जश्न मनाते हैं। मैं आज झारग्राम में आदिवासी दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह में उपस्थित रहूंगी।'' बनर्जी ने कहा कि उनकी सरकार आदिवासी समुदाय के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

# ओलंपिक के कारण सर्जरी टाल रहा था लेकिन अब फैसला लेना होगा: नीरज चोपड़ा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पेरिस/भाषा।** भारत के भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने ओलंपिक में रजत पदक जीतने के बाद अपनी चोट का खुलासा करते हुए कहा कि उन्हें यहां प्रतिस्पर्धा करने के लिए कड़ी मेहनत करने के बाद जल्द ही सर्जरी करानी पड़ सकती है।

नीरज पेरिस खेलों से पहले जांघ के भीतरी हिस्से की मांसपेशी में (एडक्टर) परेशानी से जूझते आये हैं। उन्होंने हालांकि गुरुवार को सत्र के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास 89.45 मीटर के साथ रजत पदक हासिल किया। वह दो ओलंपिक पदक जीतने वाले भारत के पहले ट्रैक एवं फील्ड एथलीट बन गए। उन्होंने टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। नीरज पाकिस्तान के अरशद नदीम से पीछे रहे, जिन्होंने 92.97 मीटर के ओलंपिक रिकॉर्ड थ्रो के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। नदीम इसके साथ ही पाकिस्तान के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता बन गए। नीरज ने कहा, '' मेरे दिमाग में काफी कुछ चल रहा था। जब मैं थ्रो कर रहा होता हूं तो मेरा 60-70 प्रतिशत ध्यान चोट पर होता है। मैं चोटिल नहीं होना चाहता था। जब भी मैं थ्रो करने जा रहा था तो आपने देखा होगा कि मेरी गति कम थी।'' उन्होंने 2023 विश्व चैम्पियनशिप का जिक्र करते हुए कहा, '' डॉक्टर ने मुझे पहले ही सर्जरी करने के लिए कहा था लेकिन मेरे पास विश्व चैंपियनशिप से पहले या बाद में इतना समय नहीं था। ओलंपिक की तैयारी में बहुत समय लगता है।'' नीरज ने इस विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। अपनी सर्वश्रेष्ठ स्थिति में नहीं होने के बाद भी नीरज लगातार दो ओलंपिक में पदक जीतने वाले तीसरे भारतीय बने। उनसे पहले सुशील कुमार (कुश्ती) और पीवी सिंधू (बैडमिंटन) ने यह कारनामा किया है। नीरज ने निराशा भरे लहजे में कहा, ''मैंने अब भी इसे जारी रखा है।'' उन्होंने कहा, ''खेल में यह अच्छी स्थिति नहीं होती है। आप अगर लंबा करियर चाहते हैं तो आपको फिट और स्वस्थ रहना होगा। इस स्तर की प्रतियोगिताओं के कारण कई बार आप निर्णय नहीं ले सकते। अब हम इस पर काम करेंगे और तकनीक में भी सुधार करेंगे।'' उन्होंने कहा कि वह इस मसले पर अपनी टीम से चर्चा कर 'कोई फैसला करेंगे'। उन्होंने यह भी बताया कि फिटनेस के मामले में पिछले सात साल उनके लिए कितने कठिन रहे हैं।

## सुविचार

अगर आप अपने अतीत के बारे में सोचते रहेंगे, तो आप अपना आज और आने वाला कल कभी भी नहीं बना पाओगे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# कैसे होगा जनकल्याण?

भाजपा सांसद अनिल सुखदेव बोंडे ने राज्यसभा में 'कल्याणकारी योजनाओं और जनसंख्या वृद्धि' का मुद्दा उठाकर एक ऐसी समस्या की ओर संकेत किया है, जिसके बारे में नेतागण जानते तो हैं, लेकिन इस पर बात कम ही करते हैं। आज जब हमारे देश की जनसंख्या 141 करोड़ से ज्यादा हो चुकी है, युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं मिल रहे, शिक्षा, चिकित्सा, परिवहन जैसी सुविधाओं में उचित गुणवत्ता नहीं मिल रही है तो हमें इन सबकी जड़ में क्यों नहीं जाना चाहिए? आज़ादी के बाद हर सरकार ने कल्याणकारी योजनाओं पर बहुत संसाधन खर्च किए। उनमें भ्रष्टाचार, कुप्रबंधन, सरकारी तंत्र की सुस्ती समेत कई समस्याएं अपनी जगह रहीं, लेकिन इससे इन्कार नहीं किया जा सकता कि सरकार ने अपनी शक्ति व सामर्थ्य के अनुसार जनकल्याण की कोशिशें कीं। उन योजनाओं का लाभ कितने लोगों तक पहुंचा और उनके जीवन में क्या बदलाव आया, एक बार इस पर भी विचार करना चाहिए। 15 अगस्त का दिन भी आने वाला है। कम से कम इसी बहाने हमें अपनी प्रगति व मौजूदा स्थिति का मूल्यांकन कर लेना चाहिए। जब देश को आज़ादी मिली थी, तब भी बेरोजगारी बहुत बड़ी समस्या थी, आज भी है। तब भी स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी थी, आज भी है। आम आदमी के लिए उसके बजट में पोषक तत्त्वों से युक्त भोजन की व्यवस्था करना तब भी टेढ़ी खीर थी, आज भी है। तब सरकारी स्कूल गिनती के थे, जिनमें मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव था। आज सरकारी स्कूल तो काफी हैं, लेकिन उनमें सुविधाओं की कमी है। बसों और ट्रेनों में तब भी खूब भीड़ उमड़ती थी, आज भी उनमें तिल रखने की जगह नहीं मिलती। कुछ शहरों में तो हर सुबह स्कूली बच्चों से लेकर आम सवारियों तक को वाहनों में इस तरह 'भरकर' ले जाया जाता है, जिससे बड़ी दुर्घटना की आशंका रहती है।

इन सभी समस्याओं की जड़ में अत्यधिक जनसंख्या वृद्धि भी है। अगर सरकारों ने चार-पांच दशक पहले दूरदर्शिता दिखाते हुए इस मुद्दे की ओर ध्यान दिया होता और कुछ ठोस कदम उठाए होते तो आज नौजवानों के सामने रोजगार का ऐसा संकट नहीं होता। दुनिया के कई देश, जिन्होंने पहले और दूसरे विश्वयुद्ध की विभीषिका झेली, वे आज अपने नागरिकों को बेहतरीन सुविधाएं दे पा रहे हैं। वहां रोजगार का ऐसा संकट नहीं है, क्योंकि जनसंख्या संतुलित है। भारत में सरकार राशन बांटती गई, लेकिन लोगों को पर्याप्त पोषण नहीं मिला। अस्पताल खोलती गई, दवाइयों के भंडार बढ़ाती गई, लेकिन स्वास्थ्य की स्थिति आज भी बहुत अच्छी नहीं है। सरकार मकान बना-बनाकर देती रही, लेकिन आज भी बहुत लोग बेघर हैं। सरकार ने यथाशक्ति सरकारी नौकरियां भी दीं, लेकिन बेरोजगारों की तादाद बढ़ रही है। आज छोटे शहरों से लेकर महानगरों तक कई लोग ऐसे मकानों में रहने को मजबूर हैं, जहां साफ हवा तक नहीं पहुंच सकती। इससे उन्हें बीमारियां होने का खतरा रहता है। अब डिजिटलीकरण से कुछ राहत जरूर मिली है, अन्यथा पहले सरकारी दफ्तरों से लेकर टिकट खिड़की तक लोगों की लंबी-लंबी कतारें लगी होती थीं। हर जगह भीड़, धक्के और कम गुणवत्ता की सुविधाएं पाकर देश का युवा सोचता है- 'यह ज़िंदगी जीने के लिए मिली है या काटने के लिए मिली है?' ऐसे मामलों में कई पार्टियां सिर्फ सरकार को कोसकर काम चला लेती हैं, क्योंकि जनसंख्या वृद्धि पर बात करेंगी तो वोटबैंक छिटकने का डर रहेगा! हाल के वर्षों में जनता में जागरूकता का विस्तार हुआ है, लेकिन आज भी ऐसे कई परिवार हैं, जिनमें छह या इससे ज्यादा बच्चे हैं। तो कैसे होगा जनकल्याण? सरकार सुविधाएं बढ़ाएगी, उससे पहले ही जनसंख्या काफी बढ़ जाएगी। इस बीच, जिन परिवारों में एक या दो बच्चे हैं और आर्थिक स्थिति अच्छी होने से आयकर समेत अन्य टैक्स भी देते हैं, वे सोचते हैं- 'हमारा जन्म तो बस टैक्स देने के लिए हुआ है, जबकि सुविधाएं नाममात्र की मिल रही हैं!' सरकार कल्याणकारी योजनाएं जरूर चलाए। इसके साथ जनसंख्या संतुलन के लिए कुछ ठोस कदम भी उठाए। यह काम जल्दबाजी में नहीं हो सकता। इसे कई चरणों में धीरे-धीरे पूरा करना होगा। जिन परिवारों का आकार 'संतुलित' है, उन्हें प्रोत्साहन मिलना चाहिए। शिक्षित, स्वस्थ और विकसित भारत बनाने के लिए जनसंख्या का 'संतुलित' होना बहुत जरूरी है। सरकार को इसके लिए कानूनी उपायों पर विचार करना चाहिए।

## ट्वीटर टॉक



विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक युवा संगठन भारतीय युवा कांग्रेस के स्थापना दिवस की समस्त पदाधिकारियों एवं उर्जावान कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। यह संगठन हमारे युवाओं की शक्ति, समर्पण, और राष्ट्र निर्माण की भावना का प्रतीक है।

**-गोविंद सिंह डोटासरा**



माँ भारती को पराधीनता की बेड़ियों से स्वतंत्र कराने हेतु निर्णायक आह्वान हेतु 'अगस्त क्रांति' एवं साहसपूर्ण, गौरवशाली 'काकोरी कांड' की वर्षगाँठ समस्त भारतीयों के लिए ऐतिहासिक दिन है। स्वतंत्रता के यज्ञ में सम्मिलित सभी वीर स्वतंत्रता सेनानियों को कोटि-कोटि नमन।

**-दीया कुमारी**



शहर में चौराहों पर जो लोग भीख मांगते नजर आते हैं, महिलाओं की गोद में छोटे बच्चे होते हैं, जो कि अपने वास्तविक मां बाप से गायब किए या फिर किराए पर लिए होते हैं। देश में बच्चे चोरी के कई मामले हैं, जिनमें बच्चों को वापस नहीं ढूंढा जा सका है।

**-मदन राठौड़**

## प्रेरक प्रसंग

# सेवाव्रती का धर्म



स्वामी केशवानंद जिन्होंने शिक्षा का व्यापक प्रचार किया। वे राज्यसभा के सदस्य थे। एक बार की बात है कि उनके एक सहयोगी ने देखा कि वे हाथ पर दो-तीन सूखी रोटियां रखे दाल से खा रहे हैं। रोटियां सूखी व ठंडी थीं। उन्हें वे जल्दी-जल्दी चबाकर गले के नीचे उतार रहे थे। सहयोगी ने इसका कारण पूछा तो बोले, 'मुझे कई जगह जाना है और शाम को गाड़ी पकड़नी है, इसलिए तंदूर से यहीं दो रोटियां मंगवा ली हैं।' 'इस आयु में आपको ऐसा भोजन नहीं करना चाहिए। कुछ नहीं तो घी, मक्खन व फल तो लिया करें।' सहयोगी बोला। इस पर वे मुस्कुराते हुए बोले, 'ठीक तो है, पर जब इन्हीं बातों की चिंता करनी थी, तो संन्यासी बनकर कुछ सेवा करने का व्रत ही क्यों लेता? व्यक्तिगत सुखों की चिंता न करना सेवा-व्रती का आदर्श है।'

## सामयिक

# भारत में आर्थिक प्रगति हेतु सनातन संस्कृति जरूरी

प्रहलाद सबनानी
मोबाइल : 9987949940

किसी भी देश में सत्ता का व्यवहार उस देश के समाज की इच्छा के अनुरूप ही होने के प्रयास होते रहे हैं। जब जब सत्ता द्वारा समाज की इच्छा के विपरीत निर्णय लिए गए हैं अथवा समाज के विचारों का आदर सत्ता द्वारा नहीं किया गया है तब तब उस देश में सत्ता परिवर्तन होता हुआ दिखाई दिया है। लोकतंत्र में तो सत्ता की स्थापना समाज के द्वारा ही की जाती रही है। साथ ही, किसी भी देश की आर्थिक प्रगति के लिए देश में शांति बनाए रखना सबसे पहली आवश्यकता मानी जाती है और देश में शांति स्थापित करने के लिए भी समाज का विशेष योगदान रहता आया है। समाज में विभिन्न मत पंथ मानने वाले नागरिक ही यदि आपस में सामंजस्य स्थापित नहीं कर पाएंगे तो देश में शांति किस प्रकार स्थापित की जा सकेगी।

भारत के नागरिकों में आज स्व के भाव के प्रति जागृति दिखाई देने लगी है और वे भारत के हित सर्वोपरि हैं की चर्चा करने लगे हैं। परंतु, भारत में तंत्र अभी भी मां भारती के प्रति समर्पित भाव से कार्य करता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है, जिससे कभी कभी असामाजिक तत्व अपने भारत विरोधी एजेंडा पर कार्य करते हुए दिखाई दे जाते हैं और भारत के विभिन्न समाजों में अशांति फैलाने में सफल हो जाते हैं। अतः समाज के विभिन्न वर्गों के बीच यह जागरूकता फैलाने की आज महती आवश्यकता है कि भारत आज आर्थिक प्रगति के जिस मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है ऐसे समय में देश में शांति स्थापित करने की भरपूर आवश्यकता है। क्योंकि, देश में यदि शांति नहीं रह पाती है तो विदेशी संस्थान भारत में अपनी विनिर्माण इकाईयों को स्थापित करने के प्रति हत्तोत्साहित होंगे और देश की आर्थिक प्रगति विपरीत रूप से प्रभावित होगी।

भारत पिछले लगभग 2000 वर्षों के खंडकाल में से अधिकतम समय (लगभग 250 वर्षों के खंडकाल को छोड़कर) पूरे विश्व में एक आर्थिक ताकत के रूप में अपना स्थान बनाने में सफल रहा है और इसे सोने की चिड़िया कहा जाता रहा है। वर्ष 712 ईसवी में भारत पर हुए आक्रांताओं के आक्रमण के बाद भी भारत की आर्थिक प्रगति पर कोई बहुत फर्क नहीं पड़ा था। परंतु, वर्ष 1750 ईसवी में अंग्रेजों (ईस्ट इंडिया कम्पनी के रूप में) के भारत में आने के बाद से भारत की आर्थिक प्रगति को जैसे ग्रहण ही लग गया था। आक्रांताओं एवं अंग्रेजों ने न केवल भारत को जमकर लूटा बल्कि भारत की संस्कृति पर भी बहुत गहरी चोट की थी और भारत के नागरिक जैसे अपनी जड़ों से कटकर रहने लगे थे। आक्रांताओं एवं अंग्रेजों के पूर्व भी भारत पर आक्रमण हुए थे, शक, हूण, कुषाण आदि ने भी भारत पर आक्रमण किया था परंतु लगभग 250/300 वर्षों तक भारत पर शासन करने के उपरांत उन्होंने अपने आपको भारतीय सनातन




संस्कृति में ही समाहित कर लिया था। इसके ठीक विपरीत आक्रांताओं एवं अंग्रेजों का भारत पर आक्रमण का उद्देश्य भारत की लूट खसोट करने के साथ ही अपने धर्म एवं संस्कृति का प्रचार प्रसार करना भी था। आक्रांताओं ने जोर जबरदस्ती एवं मार काट मचाकर भारत के मूल नागरिकों का धर्म परिवर्तन कर मुसलमान बनाया तो अंग्रेजों ने लालच का सहारा लेकर एवं दबाव बनाकर भारतीय नागरिकों को ईसाई बनाया। इन्होंने भारतीय नागरिकों के मन में सनातन हिंदू संस्कृति के प्रति घृणा पैदा की एवं अपनी पश्चिमी सभ्यता से ओतप्रोत संस्कृति को बेहतर बताया। अंग्रेज भारतीय नागरिकों के मन में ऐसा भाव पैदा करने में सफल रहे कि पश्चिम से चला कोई भी विचार भारतीय सनातन संस्कृति के विचार से बेहतर है। जबकि आज इस बात के पर्याप्त प्रमाण मिल रहे हैं कि पश्चिम द्वारा किए गए लगभग समस्त आविष्कारों के मूल में भारतीय सनातन संस्कृति की ही छाप दिखाई देती है और उन्होंने यह विचार भारतीय वेद, पुराण एवं उपनिषदों से ही लिए गए प्रतीत होते हैं।

कुछ विदेशी ताकतों द्वारा भारत में आज एक बार पुनः इस प्रकार के प्रयास किए जा रहे हैं कि हिंदू सनातन संस्कृति को मानने वाले हिंदू समाज को किस प्रकार आपस में लड़ाकर छिन्न भिन्न किया जाय। आज भारत में एक ऐसा विमर्श खड़ा करने का प्रयास हो रहा हैं कि देश में हिंदू हैं ही नहीं बल्कि सिक्ख हैं, दलित हैं, राजपूत हैं, जैन हैं आदि आदि। देश में जातियों के आधार पर जनसंख्या की मांग की जा रही है ताकि देश में प्रदान की जाने वाली समस्त सुविधाओं को हिंदू समाज की विभिन्न जातियों की जनसंख्या के आधार पर वितरित किया जा सके। जिससे अंततः देश में विभिन्न जातियों के बीच झगड़े पैदा हों और इस प्रकार भारत को एक बार पुनः गुलाम बनाए जाने में आसानी हो सके। विदेशी ताकतों द्वारा आज भारत के एकात्म समाज को टूटा फूटा समाज बनाए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्राचीन भारत में वनवासी थे, ग्रामवासी थे, नगरवासी थे, इस प्रकार त्रिस्तरीय समाज था।

**विश्व के कई देशों के बीच आज आपस में कई प्रकार की समस्याएं व्याप्त हैं, जिनके चलते वे आपस में लड़ रहे हैं एवं अपने नागरिकों को खो रहे हैं। यूक्रेन - रूस के बीच युद्ध एवं हमास-इजराइल के बीच युद्ध आज इस बात का प्रत्यक्ष उदाहरण है। बांग्लादेश में अशांति व्याप्त हो गई है। इसी प्रकार ब्रिटेन, फ्रान्स, जर्मनी, अमेरिका जैसे शांतिप्रिय देश भी आज विभिन्न प्रकार की समस्याओं से ग्रसित होते दिखाई दे रहे हैं। इसलिए, शांति स्थापित करने एवं आर्थिक विकास को गतिशील बनाए रखने के उद्देश्य से आज हिंदू सनातन संस्कृति के संस्कारों को आज पूरे विश्व में फैलाने की महती आवश्यकता है।**

भारतीय समाज विभिन्न जातियों में बंटा हुआ था ही नहीं। यह अंग्रेजों का षड्यंत्र था कि भारत में उन्होंने समाज को बांटो और राज करो की नीति अपनाई थी। अन्यथा हिंदू समाज तो भारत में सदैव से एकात्म भाव से रहता आया है। किसी भी देश में क्रांति सत्ता से नहीं आती है बल्कि समाज द्वारा ही क्रांति की जाती है। जिस प्रकार का समाज होगा उसी प्रकार की सत्ता भी देश में स्थापित होगी। अतः किसी भी देश को विकास की राह पर जाने से रोकने के लिए उस देश की संस्कृति को ही समाप्त कर दो। ऐसा प्रयास आज पुनः विदेशी ताकतों द्वारा भारत में किया जा रहा है।

परंतु, अब एक बार पुनः भारत एक ऐसे खंडकाल में प्रवेश करता हुआ दिखाई दे रहा है जिसमें आगे आने वाले समय में विशेष रूप से आर्थिक क्षेत्र में भारत की तूती पूरे विश्व में बोलती हुई दिखाई देगी। ऐसे में कुछ देशों द्वारा भारत की आर्थिक प्रगति को विपरीत रूप से प्रभावित करने के लिए कई प्रकार की बाधाएं खड़ी किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। परंतु, देश में निवासरत लगभग 80 प्रतिशत आबादी हिंदू सनातन संस्कृति की अनुयायी है एवं हिंदू समाज में व्याप्त लगभग समस्त जातियों, मत, पंथों को मानने वाले नागरिकों में त्याग, तपस्या, देश प्रेम का भाव, स्व-समर्पण का भाव कूट कूट कर भरा है। इसी कारण से यह कहा भी जाता है कि केवल हिंदू जीवन दर्शन ही आज पूरे विश्व में शांति स्थापित करने में मददगार बन सकता है। भारतीय जीवन प्रणाली अपने आप में सर्व समावेशक है। हिंदू सनातन धर्म का अनुपालन करने वाले नागरिक पशु, पक्षी, वनस्पति, पहाड़, नदियों आदि में भी ईश तत्त्व का वास मानते हैं और उनकी पूजा भी करते हैं। हिंदू सनातन संस्कृति के संस्कारों में पला बढ़ा नागरिक अपने विचारों में सहिष्णु होता है तथा सभी जीवों में प्रभु का वास देखता है इसलिए वह हिंसा में बिल्कुल विश्वास नहीं करता है। इसी के चलते यह कहा जा रहा है कि विश्व के कई देशों में लगातार बढ़ रही हिंसा को नियंत्रित करने में हिंदू सनातन संस्कृति के अनुयायी ही सहायक हो सकते हैं। और फिर, हिंदू जीवन दर्शन का अंतिम ध्येय तो मोक्ष को प्राप्त करना है। इस अंतिम लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से भी हिंदू सनातन संस्कृति के अनुयायी कोई भी काम आत्मविचार, मनन एवं चिंतन करने के उपरांत ही करता है। इस प्रकार, इनसे किसी भी जीव को दुखाने वाला कोई गल्त काम हो ही नहीं सकता है।

विश्व के कई देशों के बीच आज आपस में कई प्रकार की समस्याएं व्याप्त हैं, जिनके चलते वे आपस में लड़ रहे हैं एवं अपने नागरिकों को खो रहे हैं। यूक्रेन - रूस के बीच युद्ध एवं हमास-इजराइल के बीच युद्ध आज इस बात का प्रत्यक्ष उदाहरण है। बांग्लादेश में अशांति व्याप्त हो गई है। इसी प्रकार ब्रिटेन, फ्रान्स, जर्मनी, अमेरिका जैसे शांतिप्रिय देश भी आज विभिन्न प्रकार की समस्याओं से ग्रसित होते दिखाई दे रहे हैं। इसलिए, शांति स्थापित करने एवं आर्थिक विकास को गतिशील बनाए रखने के उद्देश्य से आज हिंदू सनातन संस्कृति के संस्कारों को आज पूरे विश्व में फैलाने की महती आवश्यकता है।

## नजरिया

# नशे के खिलाफ देश कैसे जीतेगा जंग?

आर.के. सिन्हा

भारत में सिगरेट और बीड़ी पीने का सिलसिला न जाने कब से चल रहा है। इनके पैकटों पर वैधानिक चेतावनी देने का भी कोई असर नहीं हुआ। अब सूखा नशा लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। यह एक ऐसी बुराई है जो व्यक्ति की मानसिक और शारीरिक स्थिति को पूरी तरह से बिगाड़ देती है। यह आदतें न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती हैं, बल्कि समाज के ताने बाने पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। विभिन्न स्रोतों और सर्वे के नतीजे बताते हैं कि राजधानी दिल्ली में ही कम से कम 10 से 20 फीसदी युवा नशे की चीजों के आदी हो चुके हैं। सार्वजनिक स्थानों पर प्रतिबंध के बावजूद इसको रोकने के लिए अभी तक की गई कोशिशें नाकाम साबित हुई हैं।

नशे की गिरफ्त में आकर लोग अक्सर अपनी जिम्मेदारियों को लापरवाही पूर्वक नजरअंदाज कर देते हैं। इसके प्रभाव से बचने के लिए उचित शिक्षा और सक्रिय जागरूकता की परम आवश्यकता है। साथ ही नशे के खिलाफ ठोस आन्दोलन प्रयास करने की भी जरूरत है। केवल व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयास ही इस समस्या को समाप्त कर सकते हैं। अकेले, सरकार के बस का तो यह होने से रहा। आपको देश का शायद ही कोई शहर मिले, जहां के अत्यधिक सुरक्षित क्षेत्रों, हाई प्रोफाइल इलाकों और एलीट जोनों, बड़े मार्केटों में नशा उपलब्ध न हो। नशे पर पूरी तरह से बैन ही नहीं लग पा रहा है। राजधानी दिल्ली तो नशे के कारोबार का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। इसके पीछे नशीले पदार्थों की आसान उपलब्धता तथा गरीबी, बेरोजगारी और सामाजिक तनाव के चलते हो रहे डिप्रेशन को कम करने में मदद मिलने जैसी बड़ी वजह भी है। इसके साथ ही मौजूदा पारिवारिक ढांचा और शिक्षा की कमी से हो रहे भटकाव तथा अज्ञानता भी नशे को बढ़ावा देने में मददगार बन रहा है। इसका सबसे बुरा असर हमारे कम उम्र के स्कूल और कॉलेज जाने वाले लड़के-लड़कियों पर भी बुरी तरह पड़ रहा है। थोड़ी सी मस्ती, अति



उत्साह और सामाजिक आचार-विचार के प्रति बेरुखी के चलते खुद को बिंदास, बेपरवाह दिखाने के लिए ड्रिंक्स, स्मोकिंग, च्युइंग एडिक्शन जैसी आदतें अपनाने को वह अपने को आधुनिक और प्रगतिशील सिद्ध करने के लिये जरूरी मान बैठे हैं।

दिल्ली और देश के शेष भागों में सूखे नशे में केवल तंबाकू या गुटखा ही नहीं इस्तेमाल हो रहा है। तस्करी चोरी के जरिए बड़े पैमाने पर गांजा, हेरोइन, स्मैक, चरस, कोकेन, मिथाइलीनडाइऑक्सी मेथाम्फेटामाइन (एमडीएमए), एक्स्टसी सिंथेटिक टैबलेट और पाउडर, मेफेड्रोन पाउडर और कैप्सूल तथा कोडीन मिला हुआ कफ सिरप को भी लाकर भी बेचा जा रहा है। एमडीएमए एक तरह का सिंथेटिक ड्रग है, जो उत्तेजक और बुद्धिभ्रष्ट कारक है। इस ड्रग के इस्तेमाल मात्र से शरीर पर बदलाव आने लग जाते हैं। सिंथेटिक ड्रग्स का उदय एक महामारी के रूप में हो रहा है जो कई लोगों के जीवन को प्रभावित कर रही है, खासकर युवा लोगों को।नए जमाने में सुरक्षा के नाम पर ई-सिगरेट का भी प्रचलन भी बढ़ता जा रहा है। इसमें धुआं भले ही न हो, लेकिन निकोटीन होने से स्वास्थ्य के लिए नुकसान में जरा सी भी कमी नहीं है।

राजधानी के प्रतिष्ठित गंगा राम अस्पताल दिल्ली में वरिष्ठ चिकित्सक, मेडिसिन डॉ. मोहसिन वली कहते हैं, भारत में तंबाकू सेवन करने वालों, विशेष रूप से धूम्रपान करने वालों की बढ़ती संख्या के चलते इस पर नियंत्रण के लिए बनाई गई नीतियों की तुरंत समीक्षा की जरूरत है। निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी (एनआरटी), गर्म तम्बाकू उत्पाद (एचटीपी) और स्नस (धुआं रहित तंबाकू) जैसे वैज्ञानिक रूप से सुरक्षित विकल्पों के इस्तेमाल से नशे पर रोक लगाने में महत्वपूर्ण कामयाबी मिली है। हालांकि एनआरटी को मेडिकल स्टोर पर केवल डॉक्टरों के प्रिस्क्रिप्शन पर ही लिया जा सकता है, जिसके कारण इसकी सरल उपलब्धता अब मुश्किल हो गई है। अब इसे सीधे कोई आसानी नहीं ले सकता है। जानकारों का कहना है कि अधिकांश लोग एनआरटी का उपयोग तब बंद कर देते हैं, जब उन्हें लगता है कि अब उन्हें इसकी आवश्यकता नहीं है। एनआरटी में निकोटीन की मात्रा सिगरेट की तुलना में वैसे तो कम होती है। निकोटीन को मस्तिष्क तक पहुँचने और इंसान को निकोटीन का प्रभाव देने में भी काफी समय लगता है। इसका मतलब यह है कि धूम्रपान छोड़ने की तुलना में एनआरटी का उपयोग बंद करना बहुत आसान है। सबसे बेहतर बात ये है कि एनआरटीके साइड इफेक्ट भी ज्यादा खतरनाक नहीं हैं।

इसके साथ ही अब गुटखा को खाने वालों की तादाद चक्रवद्धि ब्याज की रफ्तार से बढ़ती ही चली जा रही है। इसमें तंबाकू की कितनी मात्रा हो, इसको लेकर कोई गाइडलाइंस नहीं है। इसको खाना अगर जरूरी ही है तो बिना तंबाकू वाले इसके इलायची आदि के स्वादिष्ट फ्लेवर क्यों नहीं बनाए जा रहे हैं, जिससे इसको खाने का मजा तो आए, लेकिन स्वास्थ्य पर कोई बुरा असर नहीं पड़े। कुछ समय पहले राजधानी के बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के सीनियर कंसल्टेंट, पल्मोनरी मेडिसिन डॉ. पवन गुप्ता कह रहे थे-, सबसे गंभीर बात यह है कि आम लोगों में तंबाकू का प्रचलन बढ़ रहा हैं, क्योंकि देश भर में सड़क के आसपास बनी दुकानों में तंबाकू आसानी से उपलब्ध है। मौजूदा सरकारी नीतियां तंबाकू के बढ़ती लत को रुकवाने में विफल रही हैं। अब इस मसले को रोकने के लिए विकसित देशों में अपनाए गये वैज्ञानिक रूप से सुरक्षित विकल्पों पर विचार करना जरूरी है। इससे तंबाकू के सेवन पर रोक लगाने में कारगर सफलता मिल सकती है।

आज भारत बुरी तरह से नशे की समस्या से जूझ रहा है। यह बेहद जटिल और बहुआयामी मुद्दा है जो देश के सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामाजिक ताने बाने को क्षति पहुँचा रहा है। नशीली दवाओं की लत लगातार बढ़ने से निजी जीवन में अवसाद, पारिवारिक कलह, पेशेवर अकुशलता और सामाजिक सह-अस्तित्व की आपसी समझ में कमी की समस्याएं सामने आ रही हैं।

मुझे लगातार इस तरह के परिवारों के बारे में पता चलता है जो अपने किसी सदस्य के नशे का दास बनने से परेशान है। हमारे युवा नशे की लत के ज्यादा शिकार हो रहे हैं। युवावस्था में करियर को लेकर एक किस्म का दबाव और तनाव रहता है। ऐसे में युवा इन समस्याओं से निपटने के लिए नशीली दवाओं का सहारा लेता है और अंततः नशे के कुचक्र में फंस जाता है। इसके साथ ही युवा एक गलत पूर्वधारणा का भी शिकार होते हैं। उन्हें सार्वजनिक स्थानों पर धुएँ के छल्ले उड़ाना और महँगी पार्टीज में शराब के सेवन करना उच्च सामाजिक स्थिति का प्रतीक भी जान पड़ता है। दरअसल नशे के बढ़ने के कई आयाम हैं। इसके खिलाफ सारे देश को मिलकर लड़ना होगा। वर्ना तो नशे की लत का विस्तार जारी ही रहेगा।

महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

मुलाकात



नई दिल्ली में शुक्रवार को न्यू मैक्सिको की गवर्नर मिशेल लुजान ग्रिशम नई दिल्ली में संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की।

# हसीना को शरण देने से भारत के खिलाफ बांग्लादेश में प्रतिक्रिया स्वभाविकः बीएनपी

कोलकाता/भाषा। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के वरिष्ठ नेताओं ने शुक्रवार को कहा कि भारत-बांग्लादेश द्विपक्षीय संबंध अवामी लीग पर निर्भर नहीं हैं और भारत द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को शरण देने पर ''बांग्लादेश में प्रतिकूल प्रतिक्रिया होना स्वभाविक है''।

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री खांडकर मुशर्रफ हुसैन ने बांग्लादेश के लिए भारत को 'बहुत महत्वपूर्ण' करार देते हुए कहा कि 'यह द्विपक्षीय संबंधों में एक नया अध्याय शुरू करने का सही समय है'।

हुसैन ने बांग्लादेश में अंतरिम सरकार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बधाई संदेश का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि भारत सरकार अब अवामी लीग और शेख हसीना को समर्थन देना जारी नहीं रखेगी, जिन्हें बड़े पैमाने पर प्रदर्शनों के बाद देश से भागने के लिए मजबूर होना पड़ा है। बीएनपी के उपाध्यक्ष अब्दुल अवल मिंटू ने भी ऐसी ही राय जताते हुए कहा कि बेहतर होता कि हसीना भारत नहीं भागतीं। उन्होंने कहा, ''बेहतर होता कि वह भारत नहीं भागतीं, क्योंकि हम भारत के साथ अच्छे संबंध चाहते हैं। बांग्लादेश और इसके लोग भारत को दोस्त की तरह मानते और देखते हैं।'' उन्होंने हालांकि रेखांकित किया कि अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक भारत का अधिकार है कि वह जिसे चाहे उसे शरण दे सकता है।

हुसैन ने कहा, ''शेख हसीना के भारत में शरण लेने का असर बिल्कुल स्वाभाविक है। उदाहरण के लिए, यदि मैं आपको पसंद नहीं करता हूं और कोई अन्य व्यक्ति आपका समर्थन कर रहा है तो स्वाभाविक रूप से मुझे वह व्यक्ति पसंद नहीं आएगा। प्रतिकूल प्रतिक्रिया होना स्वाभाविक है। लेकिन तथ्य यह है कि भारत-बांग्लादेश के बीच हमेशा अच्छे संबंध रहे हैं, भले ही अवामी लीग सत्ता में हो या शेख हसीना।'' उन्होंने कहा, ''जब बीएनपी सत्ता में थी, मैं बांग्लादेश सरकार में मंत्री था। हमने देखा कि दोनों देशों के बीच शानदार संबंध रहे। भारत, बांग्लादेश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत ने हमेशा बांग्लादेश के लोगों का समर्थन किया है। दोनों देशों के बीच अच्छे द्विपक्षीय संबंध बने रहेंगे।''

सतहत्तर वर्षीय नेता ने कहा कि बांग्लादेश के लोग उम्मीद करते हैं कि भारत सरकार अवामी लीग जैसे भ्रष्ट और तानाशाहीपूर्ण शासन का हमेशा समर्थन नहीं करेगी। उन्होंने कहा, ''हमें लगता है कि भारत के लोगों को भी इसका एहसास है।'' यह पूछे जाने पर कि क्या बीएनपी चाहती है कि हसीना को बांग्लादेश को सौंप दिया जाए, उन्होंने कहा, ''यह अंतरिम सरकार को तय करना है। बीएनपी के रूप में, हमने इस पर कोई फैसला नहीं लिया है।''

हुसैन ने यह भी उम्मीद जताई कि नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के तहत लोगों के सामान्य और लोकतांत्रिक अधिकार जल्द से जल्द बहाल होंगे।

# हम नस्ली आधार पर होने वाले हमले और हिंसा भड़काने के खिलाफ हैं : संयुक्त राष्ट्र

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

संयुक्त राष्ट्र/भाषा। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर हमलों की घटनाओं के बीच, संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुतारेस के एक प्रवक्ता ने कहा कि वह नस्ली आधार पर होने वाले किसी भी तरह के हमले या हिंसा भड़काने के खिलाफ हैं।

महासचिव के उप प्रवक्ता फरहान हक ने बृहस्पतिवार को यहां कहा, ''यह स्पष्ट है कि हम सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हाल के सप्ताह में बांग्लादेश में जो हिंसा हो रही है उस पर नियंत्रण पाया जाए। निश्चित रूप से हम नस्ल आधार पर किसी भी तरह के हमले या हिंसा भड़काने के खिलाफ हैं।''

वह बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों पर हो रहे हमलों के संबंध में महासचिव की प्रतिक्रिया से जुड़े सवालों के जवाब दे रहे थे।

सोमवार को प्रधानमंत्री शेख हसीना के पद से इस्तीफा देने और देश छोड़कर भारत आ जाने के बाद से जारी हिंसा में कई हिंदू मंदिरों, घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की गई है और अवामी लीग से जुड़े कम से कम दो हिंदू नेताओं की हत्या कर दी गई।

नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में शपथ दिलाए जाने पर हक ने संयुक्त राष्ट्र की ''सरकार बनाने की एक समावेशी प्रक्रिया'' की आशाओं का उल्लेख किया और कहा, ''हम उम्मीद बरकरार रखे हुए हैं। शांति बहाली का कोई भी संकेत एक अच्छी चीज है।''

जब उनसे पूछा गया कि क्या महासचिव गुतारेस ने यूनुस को बधाई दी है या फोन पर बात की है? तो हक ने कहा कि गुतारेस ने उनसे बात नहीं की है, लेकिन बांग्लादेश में संयुक्त राष्ट्र की स्थानीय समन्वयक ग्विन लुईस शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुई थीं। हक ने कहा, ''निश्चित रूप से, वह और देश की टीम सक्रिय तौर पर यह सुनिश्चित कर रही है कि जमीनी स्तर पर परिवर्तन शांतिपूर्ण हो।''

पिछले कुछ सप्ताहों में बांग्लादेश में हुई हत्याओं की जांच का हिस्सा बनने के लिए संयुक्त राष्ट्र से किए गए अनुरोध पर हक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र गौर करेगा कि गठित होने वाली किसी भी नई सरकार से उसे किस प्रकार का औपचारिक अनुरोध प्राप्त होता है।

मुलाकात



मुम्बई में गुरुवार को बीएपीएस के तीर्थ स्वरूप स्वामीजी ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के साथ सौहार्दपूर्ण बैठक की। उपमुख्यमंत्री ने बीएपीएस के सामाजिक सद्भाव प्रयासों और गतिविधियों की सराहना की। महंत स्वामी महाराज की पिछली यात्राओं की स्मृति ताज़ा हो गई। उन्होंने इच्छा व्यक्त की कि महंत स्वामी महाराज के नेतृत्व में संगठन की गतिविधियों का विस्तार किया जाएगा।

# नदीम के ओलंपिक स्वर्ण जीतने पर पाकिस्तान में जश्न का माहौल

कराची/भाषा। पेरिस ओलंपिक में पाकिस्तान के लिए पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने के भाला फेंक खिलाड़ी अरशद नदीम की उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए कराची के निवासी बड़ी संख्या में सड़कों पर निकल आए।

इस 27 साल के भाला फेंक खिलाड़ी ने 92.97 मीटर के रिकॉर्ड थ्रो के साथ ओलंपिक में पाकिस्तान के स्वर्ण पदक का 40 साल का सूखा खत्म किया।

पाकिस्तान ने ओलंपिक में अपना पिछला स्वर्ण पदक 1984 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में हॉकी में हासिल किया था।

नदीम की सफलता के बाद कराची में ऐसा माहौल था जैसा कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम के विश्व कप या चैम्पियंस ट्रॉफी में खिताबी जीत के बाद देखने को मिला था।

युवा जश्न मनाने के लिए सड़कों पर अपनी कारों के हॉर्न बजा रहे थे। सड़क पर जश्न मना रहे लोगों के हाथों में नदीम का पोस्टर और पाकिस्तान का झंडा था।

पंजाब के खानेवाल के ग्रामीण इलाके से आने वाले नदीम ने इससे पहले 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में अपने स्वर्ण पदक और पिछले साल की विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता है।

नदीम के स्वर्ण पदक की पुष्टि होते ही सोशल मीडिया पर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया। भारत के गत चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने 89.45 मीटर की थ्रो के साथ रजत पदक जीता।

नदीम की उपलब्धि पर कराची के मेयर मुर्तजा वहाब ने सिंध सरकार की ओर से उनके लिए पांच करोड़ नकद पुरस्कार की घोषणा की।

वहाब ने कहा, ''जब अरशद देश लौटेंगे तो हम कराची में उनके लिए एक शानदार स्वागत समारोह का आयोजन करेंगे।''

उनकी मां ने अपने गांव में मीडियाकर्मियों से कहा कि जब वह घर लौटेंगे तो बड़ा जश्न मनाया जाएगा। उन्होंने कहा, '' उसने न केवल हमें बल्कि पाकिस्तान को दुनिया में गौरवान्वित किया है और मैं उसके लिए केवल दुआ मांग सकती हूं।'' नदीम कोहनी और घुटने की चोटों से जूझने के बाद और सीमित प्रशिक्षण सुविधाओं के साथ पेरिस गये थे। उन्हें एक अपनी सरकार से नया भाला उपलब्ध कराने की अपील भी करनी पड़ी क्योंकि उनका पुराना भाला खराब हो गया था।

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ ने कहा मुझे लगता है कि अरशद ने आज जो हासिल किया है वह सभी युवाओं के लिए एक बड़ा आदर्श होगा। युवा अब उनका अनुसरण करेंगे और ट्रैक एवं फील्ड में उनकी उपलब्धियों का अनुकरण करेंगे। युवा अब सिर्फ क्रिकेट ही नहीं बल्कि अन्य खेलों में भी रुचि ले रहे हैं।''

लॉस एंजिल्स ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली पाकिस्तान की हॉकी टीम के सदस्य अयाज महमूद ने कहा कि उन्होंने जो देखा उस पर उन्हें विश्वास नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा, ''ऐसे समय में जब हमारी हॉकी टीम ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में भी असफल रही, अरशद ने इन खेलों में पाकिस्तान का झंडा ऊंचा रखने के लिए कदम बढ़ाया।''

# अमेजन प्राइम पर स्ट्रीम हुई 'चंदू चैम्पियन'

मुंबई/एजेन्सी




बीती 14 जून को सिनेमाघरों में उतरी कार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चैम्पियन अब ओटीटी प्लेटफार्म अमेजन प्राइम पर स्ट्रीम हो गई है। इस फिल्म को सिनेमाघरों में कोई विशेष सफलता नहीं मिली थी। लगभग 150 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 70 करोड़ का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की थी। हालांकि फिल्म की समीक्षकों ने सराहना की थी। दर्शकों का कहना था कि कबीर खान का निर्देशन बेहतरीन रहा लेकिन मुरलीकांत पेटकर की भूमिका में कार्तिक आर्यन नहीं अपितु किसी और नायक को लेना चाहिए था, जो फिजिक्स के हिसाब से किरदार के साथ न्याय करता।

कार्तिक आर्यन की फिल्म 'चंदू चैंपियन' 14 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर की जीवन पर आधारित है, जिन्होंने अपनी शारीरिक अक्षमताओं के बावजूद हार नहीं मानी। कार्तिक ने मुरलीकांत का रोल निभाया और इसके लिए जबरदस्त मेहनत की थी। फिल्म में विजय राज, भुवन अरोड़ा, यशपाल शर्मा और राजपाल यादव के भी अहम रोल हैं।

रिलीज से पहले ही फिल्म के डिजिटल राइट्स अमेजन प्राइम वीडियो ने खरीद लिए थे। अब इसे आज शुक्रवार (9 अगस्त) से इस प्लेटफॉर्म पर देखा जा सकेगा। यह फिल्म भारत और 240 से ज्यादा देशों में स्ट्रीम के लिए उपलब्ध है। फिल्म 150 करोड़ रुपए के बजट में बनी है।

कबीर खान निर्देशित फिल्म को नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट और कबीर खान फिल्म्स द्वारा प्रोड्यूस किया गया है। कार्तिक ने कहा कि ये फिल्म मेरे लिए बहुत ही स्पेशल है। अब मैं उत्साहित हूं कि प्राइम वीडियो के दर्शक 'चंदू चैंपियन' की ताकत और दिल को अनुभव करें।

कार्तिक के वर्कफ्रंट पर नजर डालें तो उन्होंने साल 2011 में 'प्यार का पंचनामा' फिल्म से एक्टिंग करिअर की शुरुआत की थी। इसके बाद कार्तिक 'प्यार का पंचनामा 2', 'पति पत्नी और वो', 'सोनू के टीटू की स्वीटी', 'लव आजकल', 'भूल भुलैया 2', 'सत्यप्रेम की कथा', 'फ्रैडी' जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं। अब वे 'भूल भुलैया 3' में 'रूह बाबा' के किरदार में नजर आएंगे।




# फिल्म 'द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल' 30 को होगी रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

लेखक-निर्देशक सनोज मिश्रा की फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल 30 अगस्त को रिलीज होगी। फ़िल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल में पश्चिम बंगाल में फैले हिंदुओं के प्रति हिंसा, लव जेहाद और बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था को केंद्र में रखा गया है। फ़िल्म में आम ज़िन्दगी की सच्चाई, धर्म परिवर्तन, मज़हबी हिंसा की आड़ में राजनैतिक महत्वाकांक्षा और वोट बैंक के लिए एक खास समुदाय को प्रोत्साहित करने की विभीषिका को दिखाया गया है। फ़िल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल के निर्देशक सनोज मिश्रा ने बताया कि हमने जितने परिश्रम से इस फ़िल्म को बनाया है उससे कहीं अधिक परिश्रम इसको रिलीज करने के लिए हमको करना पड़ा है। फ़िल्म के कई सीन- सीक्वेंस को रीशूट करना पड़ा। हमने फ़िल्म को सेंसर बोर्ड में बहुत पहले ही रिव्यू के लिए दे दिया था , जिसमें हमें काफी लंबा समय तक इंतज़ार करना पड़ा। फाइनली अब हमारी फ़िल्म को हर तरफ से रीलीजिंग के लिए ग्रीन सिग्नल मिल गया है और अब अगले 30 अगस्त को फ़िल्म सिनेमाघरों में रिलीज के लिए शेड्यूल किया गया है। फ़िल्म का म्यूजिक ज़ी म्यूजिक पर उपलब्ध्द है।

फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल के लेखक - निर्देशक सनोज मिश्रा हैं, छायांकन सत्यपाल सिंह ने किया है।संगीत ए.आर.दत्ता ,कला निर्देशक-भूपेश सालस्कर,संगीता क्वार्डी ,ईपी - राज दुलार मिश्रा लाइन प्रोड्यूसर जनार्दन सिंह। फिल्म के मुख्य कलाकार अर्शीन मेहता, यजुर मारवाह, गौरी शंकर, अल्फिया शेख, दीपक कंबोज, देव फौजदार, गरिमा कपूर, नीत महल, प्रीति शुक्ला, रीना भट्टाचार्य, डॉ. रामेंद्र चक्रवर्ती, नरेश शर्मा, अवध अश्विनी, रोनाव वर्मा, आशीष राजपूत ,अभिषेक मिश्रा, मयूर, अनुज दीक्षित, अनिल अंजुलिन, दीपक सुथार, श्रवण आदर्श हैं।

मुलाकात



नई दिल्ली में शुक्रवार को मुस्लिम धर्मगुरुओं का एक प्रतिनिधिमंडल संसद परिसर में वक्फ संशोधन अधिनियम पर चर्चा करने के लिए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू से मुलाकात की।

# दोबारा रिलीज होगी तृप्ति डिमरी की फिल्म 'लैला मजनू'

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी और अभिनेता अविनाश तिवारी स्टारर फिल्म 'लैला मजनू' सिनेमाघरों में फिर से रिलीज होगी। एकता कपूर निर्मित लैला मजनू वर्ष 2018 में प्रदर्शित हुयी थी।लीड एक्ट्रेस के तौर पर यह तृप्ति डिमरी की पहली फिल्म थी। फिल्म मेकर्स ने लैला मजनू को दोबारा रिलीज करने का फैसला किया है। यह फिल्म 09 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। निर्माता एकता कपूर ने इंस्टाग्राम पर फिल्म लैला मजनू का पोस्टर शेयर किया है।एकता कपूर ने लिखा, 'पॉपुलर डिमांड पर लैला मजनू वापस आ रही है! आपके प्यार का आभार जिसने इसे छह साल बाद फिर से सिनेमाघरों में खींच लिया!देशभर के सिनेमाघरों में 9 अगस्त 24 को फिर से इसे रिलीज किया जा रहा है। टीम एलएम को बधाई।' इसके साथ ही एकता कपूर ने उन सिनेमाघरों की लिस्ट भी शेयर की जहां फिल्म दोबारा रिलीज होगी।

बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी सिल्वर स्क्रीन पर परवीन बॉबी का किरदार निभाती नजर आ सकती है। तृप्ति डिमरी फिल्म 'एनिमल' के बाद बैड न्यूज' में नजर आई हैं। चर्चा है कि तृप्ति डिमरी, परवीन बॉबी की बायोपिक में नजर आ सकती हैं। परवीन बॉबी की बायोपिक को लेकर भी लंबे वक्त से चर्चा है। यह फिल्म लेखिका करिश्मा उपाध्याय द्वारा लिखित उनकी जीवनी, 'परवीन बाबी: ए लाइफ' पर आधारित होगी। इस फिल्म में तृप्ति, परवीन बॉबी की भूमिका निभाती नजर आ सकती हैं। पहले इस किरदार को अदा करने को लेकर उर्वशी रौतेला का नाम सामने आ रहा था। लेकिन, अब तृप्ति के नाम की चर्चा है। तृप्ति डिमरी की आने वाली फिल्मों में कार्तिक आर्यन के साथ हॉरर कॉमेडी फिल्म 'भूल भुलैया 3' और राजकुमार राव के साथ 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' शामिल है।



बधाई

नई दिल्ली में शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने पेरिस ओलंपिक खेलों में दो पदक जीतने पर मनु भाकर को बधाई दी।

# दुनिया को कहती हूं राजस्थान जरूर घूमें : चित्रांगदा सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। बॉलीवुड एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह का कहना है कि लोग हमारी कारीगरी भूलते जा रहे हैं या वो खो रही है। कोई बचा ही नहीं है इसे जिंदा रखने के लिए। ये बहुत अच्छी पहल है जयपुर वालो की, जिससे राजस्थान की आर्ट जिंदा रहेगी। मैं जोधपुर में पैदा हुई थी। बहुत अच्छा फील करती हूं इस प्रदेश में आकर। मेरे पिता आर्मी में थे तो ज्यादा समय यहां नहीं बिता पाई। चित्रांगदा ये बाते क्लाक्र्स आमेर में फिक्की फ्लो जयपुर चैप्टर के प्रोग्राम में हिस्सा लेने के दौरान कहीं। इस मौके पर उन्होंने अपनी जर्नी और प्रदेश के हैंड वर्क के कारीगरों पर बात की। उन्होंने कहा कि मैं पूरी दुनिया में ट्रेवल करती हूं। उस समय जो लोग मुझे मिलते हैं और देश-दुनिया में घूमने की बात करते हैं तो मैं उनको राजस्थान जरूर देखने के लिए की बात करती हूं। मैं दिल से यहां कनेक्ट हूं। आर्टिजन्स को रिस्पेक्ट मिलनी चाहिए। पैसे तो मिल जाते हैं, लेकिन रिस्पेक्ट नहीं मिलती। हैंड वर्क को नई जनरेशन को सीखाना चाहिए और बताना चाहिए। क्योंकि हमारी आर्ट कहीं खोती जा रही है। मैं भी राजस्थान के कारीगरों के साथ जुड़ना चाहती हूं। यूके में भी लोग ब्लॉक प्रिंट को पसंद करते हैं। बात की जाए फिल्मों की तो मैंने दूरियां नहीं बनाई है। अच्छा काम नहीं आता है तो हम काम नहीं करना चाहते हैं। मैं अभी एक वेब सीरीज कर रही हूं। मुझे जो पसंद है उसी तरह का काम करती हूं। मैं इंतजार करती हूं अच्छे समय और अच्छे ऑफर्स का। मैंने जोधुपर के पास साहेब बीवी गेंगस्टर शूट की थी और एक महीना राजस्थान में रुके थे। उसकी यादें आज भी जहन में हैं।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

कर्म हमारे साथ चलते हैं। कर्म के कारण हमारे जीवन में कई परिस्थितियां बनती है। उसी समय हमारे मन में जिज्ञासा उत्पन्न होती है कि कर्म ही हमारे साथ चलते हैं या और कुछ भी है, जो साथ चलते हैं। भगवान कहते हैं ज्ञान इस भव में उपयुक्त है, परभव में भी साथ देगा। ज्ञान दोनों जगह साथ होगा। आज हमारे समाज में शिक्षा का महत्व बढ़ रहा है। जो व्यवहार की शिक्षा आप लेते हो, वह जीवन पर्यन्त सुखी रखती है। सम्यक् ज्ञान को अपने साथ लिया, तो वह जीवन में साथ देगा। आपको ज्ञान है तो घबराने, डरने की जरूरत नहीं है। ज्ञान और दर्शन इस भव और परभव दोनों जगह साथ में रहते हैं।

# जहां मनोवर्गणा नहीं, वहां चिंतन नहीं .. युवाचार्य महेंद्र ऋषि महाराज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां के श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन महासंघ तमिलनाडु के तत्वावधान में एएमकेएम जैन मेमोरियल सेंटर में चातुर्मासार्थ विराजित श्रमण संघीय युवाचार्य महेंद्र ऋषिजी ने शुक्रवार को प्रवचन में कहा कि हमारे तीर्थंकरों ने हमारे जीवन के अंदर रहे हुए रहस्यों को जानने, समझने का साधन दिया है।

उन्होंने कहा, जहां पहुंचने के लिए कई मनौवैज्ञानिक अपना पूरा जीवन लगा देते हैं, सैकड़ों ग्रंथ पढ लेते हैं। उसके बावजूद वे 17 रहस्यों को ही सुलझा सकते हैं।

युवाचार्य ने कहा कि पहले हमारा जीवन शिक्षा से परिपूर्ण होता था। वहीं, आज जितना पढ़ाया जाता है, उतना ही ज्ञान प्रकट होता है। आज की पढ़ाई संकुचित हो गई है। उन्होंने कहा हम जिससे अनुभव कर सकते हैं, वह है तर्क। जो तर्क को जानता है, वह उस विषय का त्रिकाल ज्ञानी है। जिस तरह धुआं और आग का संबंध है, उसी तरह तर्क और अनुभव का संबंध है। जिस चीज में आब्जर्वेशन होता है, वह तर्क है। उन्होंने कहा प्रज्ञा से धर्म को समझो। प्रज्ञा यानी जिसके अंदर



निर्णय शक्ति हो। जिसको अपनी प्राथमिकता समझ में आए, वह प्रज्ञा है। जहां मनोवर्गणा नहीं है, वहां चिंतन नहीं हो सकता। भगवान ने चिंतन किया है, इसलिए भगवान की मनोवर्गणा शक्तिशाली व शुद्ध है। हमारे मन की शक्ति आज कितनी विकृत हो गई है या वह इस्तेमाल ही नहीं हुई। मन की शक्ति का उपयोग औरों की भावना को समझने में करो।

उन्होंने कहा मन, जिसकी बहुत ताकत है। जिसमें संसार की हर चीज को नियंत्रित करने की ताकत है। वैज्ञानिक कहते हैं हमारे मस्तिष्क में लाखों कोशिकाएं है, उनमें से 10 प्रतिशत भी जीवन में काम नहीं आती। जिसके पास मन, प्रज्ञा, आब्जर्वेशन, अभिव्यक्ति, अक्षर ज्ञान नहीं, वैसे तीर्यंच गति के जीवों को कुछ नहीं पता। उनके पास चिंतन करने के लिए मन नहीं है। यह राग-द्वेष से जुड़ी चेतना है। वे मोहनीय कर्म का वेदन कर रहे हैं। जब वेदन कर रहे हैं तो आगे का बंध नहीं करते। हमारे ऊपर मोहनीय कर्म की पकड़ कितनी है, उसे कैसे जीत सकते हैं, उस पर चिंतन करना आवश्यक है। भगवान ने अपने ज्ञान से ये बातें बताई है। मुनिश्री हितेंद्र ऋषिजी ने बताया कि 21 अगस्त को आत्मध्यान साधना शिविर आयोजित किया जाएगा। इस दौरान धर्मसभा मे राजस्थान,मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र के कई क्षेत्रों से भक्तगण युवाचार्यश्री के दर्शनार्थ व वंदनार्थ उपस्थित हुए। शुक्रवार को नवकार मंत्र जप के लाभार्थी बिलाड़ा का गोठी परिवार था। कमल छल्लाणी ने सभा का संचालन किया।



# पद्मा आदर्श स्कूल में खेल दिवस का आयोजन हुआ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। पंजाब एसोसिएशन के अंतर्गत संचालित पद्मा आदर्श नर्सरी एंड प्राइमरी स्कूल द्वारा खेल दिवस का आयोजन ओएमआर स्थित पद्मा आदर्श हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण के सेलम डिवीजन के प्रतिनिधि वी. वेंशी विद्याधारण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

खेल कमेटी के अध्यक्ष अनिल चोपड़ा ने बताया कि स्कूल द्वारा खेल कार्यक्रमों का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा पास्ट मार्च की सलामी के साथ प्रारंभ हुआ तत्पश्चात बच्चों द्वारा अनेक खेलों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर पंजाब एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ विक्रम अग्रवाल सचिव रमेश लांबा, अजय भल्ला, संजय चोपड़ा सहित संगठन के अंतर्गत संचालित सभी स्कूलों,कॉलेजों के प्रधानाचार्य, शिक्षक, शिक्षिकाएं, छात्र, छात्राएं अपने अभिभावकों के साथ उपस्थित रहे।



# संगठन यात्रा के दौरान योजनाओं की जानकारी दी गई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयंबटूर। यहां गांधी पार्क स्थित तेरापंथ भवन में शुक्रवार को संघटन यात्रा का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल कार्यकारिणी सदस्य एवं तमिलनाडु केरल प्रभारी माला कातरेला एवं अनीता बरडिया संगठन यात्रा हेतु यहां पहुंची। अनीता बरडिया ने साध्वी प्रमुखा श्री जी का संदेश वाचन किया। स्थानीय उपाध्यक्ष मोनिका लुनिया ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सरिता डागा का संदेश वाचन किया। स्थानीय अध्यक्ष मंजू सेठिया ने सभी का स्वागत किया।

मंडल की ज्योति सुराणा ने अतिथि माला कातरेला का परिचय दिया व रुचिका बैद ने अनीता बरडिया का परिचय दिया। अतिथियों ने महिलामंडल की चारों स्थाई योजनाओं के बारे में समझाया। वस्थ परिवार स्वस्थ समाज के अंतर्गत सात सूत्रों के माध्यम से समझाया। समृद्ध राष्ट्र योजना के अंतर्गत कैंसर जागरूकता अभियान के विषय पर जानकारी दी। सभी की जिज्ञासाओं के प्रश्नों का माला कातरेला और अनिता बरड़िया ने दिए। कोयंबटूर महिला मंडल द्वारा 31000 रुपए की धनराशि तुलसी शिक्षा परियोजना अंतर्गत भेंट की गई। धन्यवाद ज्ञापन स्थानीय मंत्री सुमन सुराणा ने दिया। इस कार्यक्रम का संचालन मीनू बोथरा ने किया।



# साध्वी उपाध्याय यशा को डॉ. दिलीप धींग का साहित्य भेंट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां वरिष्ठ साध्वी उपाध्याय यशा ने कहा कि उनके गुरुदेव उपाध्याय अमरमुनि चाहते थे कि नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिले। रायपुरम में चातुर्मास कर रही साध्वी ने बुधवार शाम को 1991 का संस्मरण सुनाया। उन्होंने बताया कि मासिक पत्रिका 'अमर भारती' में जब रचना प्रकाशन की बात आई तो उपाध्याय अमरमुनि ने कहा था कि हम तो अब उम्र के किनारे पर हैं। हमारी रचना भले ही न लगे, परंतु दिलीप धींग की रचना को अवश्य स्थान दीजिये। नवदीक्षित साध्वी कल्याणी ने प्रमोदभाव से कहा कि उन्होंने डॉ. धींग की रचनाएं 'सम्यग्दर्शन' में खूब पढ़ी थी।

करुणा इंटरनेशनल के उपाध्यक्ष सुरेश कांकरिया ने बताया कि दिसंबर 2016 में चेन्नई में पद्मश्री आचार्य चंदना को आचार्य हस्ती करुणारत्न सम्मान और डॉ. दिलीप धींग को आचार्य हस्ती करुणा उद्बोधक सम्मान एक ही मंच से दिया गया था। साध्वी संघमित्रा ने वीरायतन के सेवाकार्यों की जानकारी दी। डॉ. दिलीप धींग ने तीनों साध्वियों को अपनी तीन विधाओं (काव्य, निबंध और शोध) की तीन पुस्तकें भेंट की। उपाध्याय अमरमुनि के जीवन पर डॉ. धींग द्वारा राजस्थानी भाषा में लिखित निबंध देखकर साध्वियों ने प्रसन्नता जताई। मंजू बोहरा ने धन्यवाद दिया।




# 'तमिल पुधलवन' योजना के तहत चन्द्रप्रभु कॉलेज के विद्यार्थी लाभान्वित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। कोयम्बटूर में तमिल पुधलवन योजना का उद्घाटन मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने किया। इस योजना के तहत विद्यार्थियों को 1000 रुपए प्रतिमाह दिया जा रहा है। चंद्रप्रभु जैन कॉलेज ने तमीज़ पुधलवन योजना का उद्घाटन मिंजुर नगर पंचायत अध्यक्ष आर.रुकुमनी मोहनराज द्वारा किया। अबुबक्कर, वार्ड पार्षद एरियानवॉयल को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम की शुरूआत तमीज़ थाई वज़्थु से की गई।

गणित विभाग के प्रोफेसर एवं सहायक प्रमुख एस मथुकुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और सभा का स्वागत किया। मुख्य अतिथि आर.रुकुमनी मोहनराज ने सभी लाभार्थियों को तमीज़ पुधलवन योजना के डेबिट कार्ड वितरित किए और छात्रों को सामाजिक दुर्व्यवहारों की लत न लगाने और बड़ों, विशेषकर माता-पिता और प्रोफेसरों का सम्मान करने की सलाह दी। सम्मानित अतिथि अबुबक्कर ने यूपीएससी, टीएनपीएससी आदि प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से सरकारी नौकरियां प्राप्त करने के महत्व पर जोर दिया।

योजना के उद्घाटन समारोह की लाइव स्ट्रीमिंग भगवान महावीर सभागार में एकत्रित हमारे अतिथि और पुरुष छात्रों ने देखी। इस तमीज़ पुधलवन योजना के माध्यम से हमारे कॉलेज के विभिन्न विभागों से कुल मिलाकर 209 छात्र लाभार्थी थे। कार्यक्रम का समापन तमिल विभाग के प्रमुख् डॉ.एम.प्रभु सहायक के कृतज्ञता ज्ञापित शब्दों के साथ हुआ।

# माइन्ड फेस्ट शैक्षिक प्रदर्शन का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां के सनातन धर्म विद्यालय में दो दिवसीय माइन्ड फेस्ट शैक्षिक प्रदर्शनी का समापन शुक्रवार को हुआ। इसका उद्घाटन 7 अगस्त को विद्यालय के प्राचार्य एस लता,सचिव एसपी बाहेती, कोषाध्यक्ष सुनील डागा सहित अनेक गणमान्यों की उपस्थिति में हुआ।

दो दिवसीय इस शैक्षिक प्रदर्शनी में साहूकार पेट् के 12 विद्यालयों के 1200 छात्र-छात्राओं ने दौरा करते हुए रचनात्मकता और नवीनता का ज्ञान प्राप्त किया। इस शैक्षिक प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यालय की छात्राओ के छिपे हुए ज्ञान-कौशल और हुनर को प्रदर्शित करना रहा।



# संदेह व्यक्ति को खोखला बना देता : साध्वी डॉ गवेषणाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। आचार्य श्री महाश्रमणजी की शिष्या साध्वी श्री डॉ गवेषणाश्रीजी के सान्निध्य में 'शंका स्लो पोइजन का डंका' कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को जैन तेरापंथ नगर, माधावरम् के तीर्थंकर समवसरण में हुआ।

साध्वी डॉ गवेषणाश्रीजी ने कहा कि शंका, संशय, सन्देह सभी पर्यायवाची शब्द है। शंका तत्व के प्रति, साधना के प्रति, मंत्र जाप, परिवार, समाज के प्रति भी हो सकती है। श्रीमद्भगवद्गीता में कहा गया कि संशयात्मा विनश्यति। संशयशील आदमी की आत्मा नष्ट हो जाती है। रात को सोता हुआ मन में शंका करें छत गिर गई तो, बाहर बाइक में जाये और मन में आये एक्सीडेंट हो जाये तो? यो दिमाग में शंका बनाये रखने से जीना भी मुश्किल हो जाता है। यह संदेह धीरे-धीरे जहर का काम कर लेती है, अंदर से व्यक्ति को खोखला बना देती है।

साध्वी मयंकप्रभाजी ने कहा कि जहर को अमृत में बदलना है तो छोटी-छोटी बातों में न उलझे, उन्हें अपनी विचारों की गंदगी का माध्यम न बनाये। सम्यक्त्व के पांच दूषण बताये गये है, उनमें प्रथम है- शंका। सम्यक्त्व को मिथ्यात्व में बदलने में सबसे बड़ा कारण भी शंका है। तीसरे गुणस्थान में आयुष्य का बंधन नहीं होता उसका कारण भी शंका है। साध्वी दक्षप्रभाजी ने सुमधुर गितिका प्रस्तुत की। साध्वी मेरुप्रभाजी ने कार्यक्रम का संचालन किया। सज्जनबाई रांका ने आज 33 की तपस्या का प्रत्याख्यान किया। ट्रस्ट बोर्ड द्वारा तपस्वी का अभिनन्दन किया गया।



# जन्म कल्याणक महोत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोयम्बटूर।** कोयम्बटूर के कोयम्बटूर जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ द्वारा संचालित मुनिसुव्रत मंदिर एवं दादावाड़ी में शुक्रवार को नेमीनाथ भगवान के जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया गया। बच्चों द्वारा संगीतमय प्रस्तुति और नेमीनाथ के जीवन पर नाटिका का मंचन किया गया।

श्रावण सुदी पंचमी जो नाग पंचमी के नाम से प्रसिद्ध है। संघ में साध्वीश्री प्रियसौम्यांजनाश्रीजी की निश्रा में गिरनार मंडप में नेमिनाथ भगवान के जन्म कल्याणक के मौके पर पूजन रखा गया। स्नात्र पूजन का आयोजन में संघ के अध्यक्ष सुरेन्द्र गोलेछा ने सभी का स्वागत किया। सचिव श्याम सुन्दर लुनिया ने संचालन किया। स्नात्र महोत्सव और भोजन के लाभार्थी मनोज ओशीन आरव जैन परिवार का संघ द्वारा सम्मान किया गया।

# 'खागा' ने मनाया राष्ट्रीय व्यापारी दिवस

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के कर्नाटक होजरी एंड गारमेंट एसोसिएशन की कार्यकारिणी समिति द्वारा भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल, दिल्ली के पदाधिकारी राष्ट्रीय सलाहकार एवं अध्यक्ष कर्नाटक पहाड़सिंह राजपुरोहित, राष्ट्रीय संगठन मंत्री सज्जनराज मेहता , राष्ट्रीय महासचिव दिलीप कुमार जैन की उपस्थिति में 43 वां राष्ट्रीय व्यापारी दिवस मनाया गया। खागा के अध्यक्ष प्रकाश भोजाणी ने स्वागत किया और मंत्री कैलाश बालर ने सभा का संचालन किया। पूर्व कोषाध्यक्ष छगनलाल जैन ने हिसाब किताब प्रस्तुत किया। पहाड़सिंह राजपुरोहित ने व्यापारियों को व्यापारी दिवस की शुभकामनाएं दी। मेहता ने खागा और व्यापार मण्डल के संयुक्त कार्यक्रम की जानकारी साझा की। उपाध्यक्ष पदमसिंह राजपुरोहित, उगमराज कॉंटेड, सहमंत्री जोगेश जैन, कार्यकारिणी सदस्य राजेश खेड़ा, विकास जैन, प्रकाशकुमार, राजूसिंह , गौरव शर्मा, चम्पालाल जैन, राजेश बंदामुथा ने भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों का स्वागत किया । प्रकाश भोजाणी ने अक्टूबर में साधारण सभा और नूतन कार्यकारिणी के चुनाव की घोषणा की ।



# भक्तियोग है शांति और उन्नति का मार्ग : आचार्यश्री विमलसागरसूरी

## धूमधाम से मनाया गया तीर्थंकर नेमिनाथ का जन्म कल्याणक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जैनधर्म के बावीसवें तीर्थंकर, यादव कुल के राजकुमार नेमिनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव शुक्रवार को नजरबाद स्थित बुद्धि वीर वाटिका में अत्यंत भक्तिभावना पूर्वक मनाया गया। आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी और गणि पद्मविमलसागरजी के सान्निध्य में दो हजार से अधिक भक्तजन अभिषेक व पूजा के लिए उमड़े। कल्याण मित्र वर्षावास समिति के कांतिलाल चौहान ने बताया कि यहां महोत्सव के लिए नेमिनाथ की मनोहारी प्रतिमा और झूले की स्थापना की गई। कॉस्मिक ऊर्जा के अवतरण के रूप में आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने सभी साधकों को कुछ मिनट ध्यान का प्रयोग करवाया। खचाखच भरे पूरे पंडाल में नीरव शांति प्रसारित हो गयी। फिर ज्यों ही तीर्थंकर जन्म की घोषणा हुई, संगीत की ताल पर सभी श्रद्धालु नाचने लगे। कुमकुम लगाकर सभी को जन्म की बधाइयां दी। भंवरलाल लुंकड़ ने बताया कि दरला परिवार ने भगवान के माता-पिता बनकर झूले में भगवान की स्थापना की। बारी बारी से लोगों ने झूला झुलाया। विविध प्रकार की जड़ीबूटियों और उत्तम सामग्रियों के घोल से विशाल मूर्ति के अभिषेक किए गए। सहवर्ती श्रमणों ने मंगल मंत्रोच्चार किए। सभी लोगो ने नेमिनाथ के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन देते हुए आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि भक्तियोग मन की शांति और आध्यात्मिक उन्नति का श्रेष्ठ मार्ग है। जैन और वैदिक परंपरा में भक्तियोग का प्रचुर मात्रा में साहित्य रचा गया है। भगवान के प्रति प्रीति से भक्ति निष्पन्न होती है। मूर्तिपूजा सामान्य प्रक्रिया नहीं है, यह निराकार आराध्य की भक्ति का साकार आलंबन है, जितने लोग जीवंत भगवान को पाकर पार नहीं उतरते, उससे अनेक गुणा अधिक लोग भगवान की मूर्तियों को पूजते हुए भक्तियोग के बलबूते पर पार उतर जाते हैं। उन्होंने बताया कि आचार्य सिद्धसेन, आचार्य हरिभद्र, आचार्य हेमचंद्र और महामहोपाध्याय यशोविजय ने भक्तियोग के अनेक ऐतिहासिक ग्रंथों की रचना की है। मध्यकाल में भक्तियोग ने ही भारतीय समाज को जीवंत और सुरक्षित रखा था।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.